सतना

11 अक्टूबर 2024 शुक्रवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



रोहित शर्मा ने ...

@ पेज 5

## संक्षिप्त समाचार

नौवमी मां सिद्धिदात्री



मां सिद्धिदात्री आपको जीवन में अद्भुत सिद्धि, क्षमता प्रदान करती हैं ताकि आप सब कुछ पूर्णता के साथ कर सकें। सिद्धि का क्या अर्थ है। सिद्धि, सम्पूर्णता का अर्थ है विचार आने से पूर्व ही काम का हो जाना। आपके विचारमात्र से ही, बिना किसी कार्य किये आपकी इच्छा का पूर्ण हो जाना यही सिद्धि है।

### अब बिहार में शिक्षकों पर लागू हुआ नया ड्रेस कोड

नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार सरकार ने स्कूली शिक्षकों के लिए नया ड्रेस कोड लागू किया है, जिसमें टी-शर्ट और जींस पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। सरकारी आदेश के अनुसार, बिहार के सरकारी स्कूलों के शिक्षक और अन्य कर्मचारी अब केवल औपचारिक कपड़ों में ही स्कूल आएंगे। इस नए ड्रेस कोड पर शिक्षकों की मिली जुली प्रतिक्रिया सामने आ रही हैं। बिहार सरकार के इस आदेश साफ कहा गया है कि टी-शर्ट और जींस जैसे कैजुअल कपड़े पहनकर ड्रेस कोड की अवहेलना करने वाले शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ड्रेस कोड को लेकर सरकारी की तरफ से इससे पहले भी दिशा निर्देश जारी किए गए थे लेकिन अब सरकार ने इस इस ड्रेस को सख्ती से लागू करने की योजना पर काम करना शुरू कर दिया है।

### सीएम आवास से निकाले गए सामान के बीच बैठीं आतिशी

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली सीएम आवास से बाहर निकाले जाने के एक दिन बाद आतिशी अपने निजी आवास में सीएम ऑफिस का काम करती नजर आईं। दिल्ली मुख्यमंत्री ऑफिस की तरफ से इसका वीडियो भी शेयर किया गया। इसमें देखा जा सकता है कि आतिशी सीएम आवास से निकाले गए सामान के बीच बैठी हैं। इस दौरान उन्होंने एक फाइल पर साइन भी किए। सीएम आवास को लेकर विवाद



तब बढ़ गया, जब 9 अक्टूबर को पीडब्ल्यूडी ने सिविल लाइंस में फ्लैगस्टाफ रोड पर बंगला नंबर 6 को सील कर दिया। इस बंगले में सीएम आतिशी 7 अक्टूबर को रहने आई थीं। तीन दिन बाद उनसे बंगला खाली करा लिया गया। दिल्ली एलजी ऑफिस के मुताबिक, यह बंगला मुख्यमंत्री का घर नहीं है और इसे किसी को भी आवंटित किया जा सकता है। आतिशी ने इस बंगले पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। यदि कोई हमारी संपत्ति पर अतिक्रमण करता है, तो मालिक कार्रवाई करने का हकदार है।



# अलविदा टाटा! आखिरी सफर पर भारत का 'रतन'

### श्रद्धांजलि देने वालों का लगा रहा तांता, शाह, अंबानी, बिड़ला सभी पहुंचे

**बुधवार रात 86 साल की उम्र में हुआ निधन, राजकीय सम्मान से विदाई**

मुंबई (एजेंसी)। टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन नवल टाटा का 86 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने बुधवार देर रात करीब 11 बजे अंतिम सांस ली। वे मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल की इंटेंसिव केयर यूनिट में एडमिट थे और उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे।



टाटा का पार्थिव शरीर नरीमन पॉइंट स्थित नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। यहां से उनकी अंतिम यात्रा वर्ली श्मशान घाट के लिए रवाना हुई। यहां राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, मुकेश अंबानी और कुमार मंगलम बिड़ला समेत राजनीति, खेल और बिजनेस से जुड़ी कई हस्तियों ने टाटा को श्रद्धांजलि दी। अमिताभ बच्चन ने लिखा कि एक युग का अंत हो गया।

### बचपन में माता-पिता अलग हुए, दादी ने की परवरिश

पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा की अगुआई में ही टाटा ग्रुप ने देश की सबसे सस्ती कार लॉन्च की। बिजनेस में बेहद कामयाब रतन टाटा निजी जिंदगी में बेहद सादगी पसंद थे और मुंबई में अपने छोटे से फ्लैट में रहते थे। 28 दिसंबर 1937 को नवल और सूनू टाटा के घर जन्मे रतन टाटा ग्रुप के फाउंडर जमशेदजी टाटा के परपोते थे। उनका परिवार पारसी धर्म से है। उनके माता पिता बचपन में ही अलग हो गए थे और दादी ने उनकी परवरिश की थी।

### शोक जताया



- **टाटा चेयरमैन एन चंद्रशेखरन:** हम अत्यंत दुख के साथ रतन टाटा को विदाई दे रहे हैं। समूह के लिए टाटा एक चेयरपर्सन से कहीं ज्यादा थे।



- **राष्ट्रपति मुर्मू:** भारत ने एक ऐसे आइकॉन को खो दिया है, जिन्होंने कॉर्पोरेट ग्रोथ, राष्ट्र निर्माण और नैतिकता के साथ उत्कृष्टता का मिश्रण किया। पद्म विभूषण और पद्म भूषण से सम्मानित रतन टाटा ने टाटा ग्रुप की विरासत को आगे बढ़ाया है।



- **पीएम नरेंद्र मोदी:** टाटा एक दूरदर्शी बिजनेस लीडर, दयालु आत्मा और एक असाधारण इंसान थे। उन्होंने भारत के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित व्यापारिक घरानों में से एक टाटा ग्रुप को स्थिर नेतृत्व प्रदान किया।



- **राहुल गांधी:** रतन टाटा दूरदृष्टि वाले व्यक्ति थे। उन्होंने बिजनेस और परोपकार दोनों पर कभी न मिटने वाली छाप छोड़ी है। टाटा कम्युनिटी के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं।

# देश में अब हर युवा पैदा करे दो बच्चे

- अब सीएम चंद्रबाबू नायडू को आई आबादी बढ़ाने की याद
- आंध्र सीएम बोले-पूरे भारत में बढ़ती उम्र बन रही है समस्या



**हैदराबाद (एजेंसी)।** आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा है कि देश में लोगों के कम से कम दो बच्चे होने चाहिए। एक अंग्रेजी अखबार से बातचीत में चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि आंध्र समेत पूरे भारत में बढ़ती उम्र समस्या बन रही है। चीन, जापान और यूरोप भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। साउथ इंडिया में जन्म दर 1.6 है, जो कम से कम 2.1 होना चाहिए। सभी को दो बच्चे होने चाहिए, इससे भारत को सैकड़ों वर्षों तक ग्लोबल लीडर बने रहने में मदद मिलेगी। नायडू ने कहा कि 90 के दशक में जनसंख्या नियंत्रण को बढ़ाया गया, लेकिन मैं पॉपुलेशन मैनेजमेंट को बढ़ावा दे रहा हूं। उन्होंने कहा कि अब ऐसे नियम बनने चाहिए कि दो बच्चों कम होने पर स्थानीय निकाय के चुनाव नहीं लड़ सकते। चंद्रबाबू नायडू ने तीन महीने पहले बड़ी जीत के बाद शपथ ली थी, मगर वह अभी तक बजट पेश नहीं कर पाए। केंद्र सरकार ने अपने बजट में आंध्र प्रदेश को विशेष पैकेज देने का ऐलान किया था। नायडू ने बताया कि चौथी बार सीएम बनने पर उन्हें पहले के मुकाबले ज्यादा चुनौतियों से जूझना पड़ रहा है।

# हमारे लोगों ने निजी हित को पार्टी के हित से रखा ऊपर

### हरियाणा की हार पचा नहीं पा रही कांग्रेस, जमकर भड़के राहुल गांधी

### हरियाणा में हार की समीक्षा बैठक से गायब रहे हुड्डा, राहुल का चढ़ा पारा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत खराब रहा। चुनाव परिणाम आते ही सहयोगी दलों ने हमला बोलना शुरू कर दिया तो अब पार्टी के अंदर भी रार छिड़ गई है। हार के कारणों पर चर्चा के लिए पार्टी की केंद्रीय नेतृत्व ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के घर बैठक की तो प्रमुख चेहरे ही गायब रहे। पार्टी ने हरियाणा चुनाव में जिसपर भरोसा करके हर बात मानी, वही भूपेंद्र सिंह हुड्डा मीटिंग में नहीं पहुंचे। प्रदेश अध्यक्ष उदय भान ने भी बैठक से दूरी बना ली। इस पर राहुल गांधी का पारा और चढ़ गया। सूत्रों के मुताबिक, राहुल ने कहा कि लोगों ने निजी



हित को पार्टी हित से ऊपर रखा। सूत्र बता रहे हैं कि कांग्रेस हरियाणा चुनाव में हार की समीक्षा के लिए फैक्ट फाइंडिंग कमिटी गठित करेगी। गुरुवार सुबह हुई बैठक में शामिल हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता और हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी पर्यवेक्षक अजय माकन ने कहा कि एग्जिट पोल और एग्जेक्ट रिजल्ट बिल्कुल उलट हैं।

# बीजेपी झंडा लगी गाड़ी, पुलिस के आला अफसरों का घेरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूपी के हाथरस में हुए भयानक भगदड़ कांड को लेकर नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा न्यायिक आयोग के सामने कुछ अंदाज में पेश होने पहुंचे कि मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। दरअसल लखनऊ में न्यायिक आयोग के सामने आज बाबा को पेश होना था। बाबा सफेद रंग की फॉर्च्यूनर गाड़ी से पहुंचे, इस गाड़ी पर बीजेपी का झंडा लगा हुआ था। जिसको लेकर विवाद शुरू हुआ। साथ ही बाबा की सुरक्षा को लेकर हाई लेवल सिक्योरिटी का घेरा भी देखने को मिला। पुलिस के आला अफसर बाबा का चाक चौबंद में नजर आए। बीते 2 जुलाई को उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक सत्संग के दौरान भगदड़ मच गई थी। इस भगदड़ के दौरान 121 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि 30 से अधिक लोग घायल भी हुए थे। इस सत्संग में मुख्य कथा वाचक नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा था। इस भगदड़ को लेकर न्यायिक जांच चल रही है।

# आसियान समिट के लिए कम्युनिस्ट देश लाओस पहुंचे पीएम मोदी

- बौद्ध भिक्षुओं ने किया स्वागत, भारतीय समुदाय के साथ लाओस की रामायण देखी



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडिया-आसियान समिट में शामिल होने के लिए 2 दिन के दौरे पर गुरुवार को कम्युनिस्ट देश लाओस पहुंचे। यहां बौद्ध भिक्षुओं ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने लाओस की राजधानी वियनतियाने में लाओस की रामायण भी देखी। पीएम मोदी लाओस में 10 वीं बार इंडिया-आसियान समिट में शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक इस दौरान पीएम मोदी आसियान देशों के कई नेताओं के साथ द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे। लाओस के प्रधानमंत्री सोनेक्से सिफानडोन ने पीएम मोदी को न्योता दिया था। लाओस इस साल इंडिया-आसियान समिट और ईस्ट एशिया शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। मोदी सरकार की एक्ट ईस्ट पॉलिसी के 10 साल पूरे इस साल मोदी सरकारी की एक्ट ईस्ट पॉलिसी के 10 साल पूरे हो रहे हैं। इस लिहाज से भी ये दौरा बेहद अहम हो जाता है। एक्ट ईस्ट पॉलिसी' भारत का अहम हिस्सा है।

**गर्व की बात**

# हम भारतीय जिस तरीके से खाते हैं, वो धरती के लिए सबसे अच्छा!

- डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट में भारतीयों के खाने-पीने के तरीके की तारीफ
- जी-20 देशों में भारत के खान-पान के तरीके को बताया धरती के लिए सबसे अच्छा

नई दिल्ली (एजेंसी)। हर देश का खान-पान अलग होता है। उन्हें तैयार करने का तरीका अलग होता है। लेकिन अगर कोई पूछे कि दुनिया में खान-पान का सबसे अच्छा तरीका किस देश का है तो आप बेहिचक भारत का नाम ले सकते हैं। ये हम नहीं कह रहे बल्कि वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड की रिपोर्ट कह रही। हम भारतीय जिस तरीके से खाते हैं, वह धरती के लिए सबसे अच्छा है। क्लाइमेट चेंज के लिहाज से सबसे अच्छा है। मन में सवाल आ सकता है कि खाने-पीने के तरीके का आखिर धरती की सेहत से क्या संबंध हो सकता है। क्लाइमेट चेंज से क्या संबंध हो सकता है तो इसका जवाब छिपा है इसमें कि आप खा-पी क्या रहे हैं, उन्हें तैयार कैसे कर रहे हैं। खाना तैयार करने में ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन कितना होता है, इससे तय होता है कि धरती की सेहत के लिहाज से वह ठीक है या नहीं।
डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने अपनी 'लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट' में भारत के खाने के तरीके



को सराहा है। रिपोर्ट कहती है कि बड़ी अर्थव्यवस्थाओं (जी 20 देशों) में भारत का खानपान सबसे ज्यादा सही है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अगर 2050 तक दुनिया के सभी देश भारत के खाने के तरीके को अपना लें, तो पर्यावरण को सबसे कम नुकसान होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका का खानपान सबसे खराब है। रिपोर्ट के मुताबिक, अगर 2050 तक दुनिया का हर व्यक्ति मौजूदा बड़ी अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के खानपान को अपना ले, तो खाने से होने वाले ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के कारण दुनिया का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस से 263 प्रतिशत ज्यादा बढ़ जाएगा। इतना ही नहीं, हमें अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए एक पृथ्वी की जगह सात पृथ्वियों की जरूरत होगी। रिपोर्ट में भारत के मिलेट मिशन की भी तारीफ की गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर 2050 तक दुनिया के सभी देश भारत के खाने के तरीके को अपना लें, तो हमें अपनी खाने की जरूरतें पूरी करने के लिए एक से भी कम (0.84) धरती की जरूरत होगी। भारत में खाने की वजह से ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन इतना कम है कि दुनिया का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा नहीं बढ़ेगा।

# भारत में बनेंगी दो न्यूक्लियर सबमरीन, बढ़ेगी ताकत



**40 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट को मोदी सरकार की मंजूरी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोदी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। केंद्र की कैबिनेट कमेटी और सिक्योरिटी ने दो स्वदेशी न्यूक्लियर पनडुब्बियों को बनाने की इजाजत दे दी है। इनका निर्माण विशाखापट्टनम के शिप बिल्डिंग सेंटर में किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि इन्हें बनाने में निजी कंपनियों की भी मदद ली जा सकती है। अरिहंत क्लास से यह पनडुब्बियां अलग होंगी। एडवांस्ड टेक्नोलॉजी वेसल प्रोजेक्ट के तहत बनने वाली इन पनडुब्बियों के निर्माण के बाद हिंद महासागर क्षेत्र और दक्षिण चीन सागर में नौसेना की ताकत अधिक हो जाएगी। पहले चरण में दो पनडुब्बियों का निर्माण किया जा रहा है। यह सौदा लंबे समय से लटका हुआ था और भारतीय नौसेना इस पर जोर दे रही थी क्योंकि यह भारत की अंडरवॉटर रक्षा क्षमता की कमी दूर करने के लिए महत्वपूर्ण जरूरत थी। जानकारी के मुताबिक दो पनडुब्बियों का निर्माण होने के बाद 4 और पनडुब्बियों का निर्माण किया जा सकेगा। इसके अलावा अगले कुछ साल में नौसेना की ताकत में और इजाफा होन जा रहा है। कई युद्धपोत और सबमरीन नौसेना में शामिल होने वाले हैं। इसी साल दिसंबर में आईएनएस विशाखापट्टनम को शामिल किया जा सकता है। मोदी सरकार ने एक और सौदे को मंजूरी दी है। अमेरिकन जनरल एटॉमिक्स से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने को मंजूरी मिली है। इस सौदे को 31 अक्टूबर से पहले मंजूरी दी जानी थी क्योंकि अमेरिका के प्रस्ताव की वैधता इस समय तक ही है। अब इस पर अगले कुछ दिनों में ही हस्ताक्षर होने जा रहे हैं। रक्षा बलों को सौदे पर हस्ताक्षर करने के चार साल बाद ड्रोन मिलने शुरू हो जाएंगे। कुल 31 ड्रोन में से 15 नौसेना को दिए जाएंगे।

# विकास कार्यक्रम में तेजी लाए, लापरवाही पर होगा एक्शन-राज्यमंत्री श्रीमती गौर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** पिछड़ा वर्ग एवम् अल्पसंख्यक कल्याण और विमुक्त, घुमंतु और अर्ध घुमंतु राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया।साथ ही उन्होंने कहा कि अगर कार्य में लापरवाही सामने आई तो जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। राज्यमंत्री श्रीमती गौर बुधवार को 74 बांग्ला निवास पर गोविंदपुरा विधानसभा में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा कर रही थी। अधिकारियों ने बैठक में बताया कि प्रभातम हाइट्स में 7 में से 6 लिफ्ट का काम पूरा हो चुका है बची हुई एक लिफ्ट का काम भी एक हफ्ते के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। साथ ही यहां पर सड़क, बोरवेल और बिजली कनेक्शन के सर्वे को भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। यहां के रहवासियों ने स्विमिंग पूल की जगह गार्डन और क्लब हाउस बनाने की मांग की है। इसी तरह एमजीएम में सड़क बनाने के कार्य में तेजी लाने के लिए कहा, पिपलानी सेक्टर में सड़क के लिए बाधा बन रहे अवैध निर्माण को तोड़ने का प्रस्ताव कलेक्टर को भेजे जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।




## प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला 2024 : युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला 2024 भोपाल, ग्वालियर और सागर संभाग के युवाओं को कौशल विकास और रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा। यह मेला 14 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई में आयोजित किया जाएगा, जहाँ युवा अपनी प्रतिभा को निखारने और विभिन्न उद्योगों से जुड़ने का अवसर पाएंगे। इस मेले का आयोजन भोपाल, विदिशा, सीहोर, मंडीदीप, राजगढ़, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, अशोकनगर, दतिया, भिण्ड, मुरैना, श्योपुर, सागर, दमोह, छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, और निवाड़ी जिलों में किया जाएगा। यह एक ऐसा मंच होगा जहाँ उम्मीदवार न केवल खुद का पंजीयन करायेंगे, बल्कि नियोक्ताओं के साथ जुड़कर रोजगार के अवसर भी प्राप्त कर सकेंगे। यह मेला युवाओं को सीखें, कमाएं, और अपने बेहतर भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं का अवसर प्रदान करेगा। इसके साथ ही, नियोक्ताओं को योग्य और कुशल कार्यबल को पहचानने और अपने व्यवसाय में शामिल करने का मौका मिलेगा। इस मेले का उद्देश्य न केवल कौशल विकास को बढ़ावा देना है, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाना है। प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेले से युवा अपनी प्रतिभा एवं कौशल से अपने सपनों को साकार कर पायेंगे। उम्मीदवार इस लिंक पर पंजीयन करा सकते हैं तथा नियोक्ता इस लिंक पर अपना पंजीयन कर सकते हैं।

## एक लाख से अधिक आनंदक पहुँचा रहे खुशियाँ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** राज्य आनंद संस्थान के साथ वर्तमान में एक लाख से अधिक आनंदक जुड़े हुए हैं। आनंदक अपने कर्तव्य तथा विचारों से दूसरों को खुशियाँ प्रदान करने का कार्य कर रहे हैं। साथ ही उन्हें आनंद संस्थान की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरणा दे रहे है। आनंदक% राज्य आनंद संस्थान के कार्यों में सहयोग करने वाले स्वयंसेवी कार्यकर्ता हैं। आनंदक निश्शुल्क एवं स्वैच्छिक रूप से स्वप्रेरणा से कार्य कर रहे हैं। कोई भी व्यक्ति %आनंदक% के रूप में पंजीकृत होने तथा कार्यक्रमों में भागीदारी के लिये राज्य आनंद संस्थान की वेबसाइट का उपयोग कर सकता है। संस्थान के कार्यक्रम निदेशक श्री सत्य प्रकाश आर्य ने बताया कि देश में आनंद के प्रसार के लिये शासकीय स्तर पर पहल करने वाला मध्यप्रदेश पहला राज्य है। राज्य सरकार ने अगस्त 2016 में राज्य आनंद संस्थान का गठन आनंद विभाग के अंतर्गत किया था। राज्य के पूर्ण विकास के लिये नागरिकों की मानसिक, शारीरिक एवं भावनात्मक उन्नति और प्रसन्नता पहुँचाना संस्थान का उद्देश्य है।

## वन स्टॉप सेंटर के प्रयासों से लौट रहा महिलाओं का सम्मान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** महिलाओं के खिलाफ हिंसा एक गंभीर सामाजिक समस्या है जिससे निपटने और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये प्रदेश में वन स्टॉप सेंटर की स्थापना की गई है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में मिशन शक्ति की संबल उपयोजना के अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर की स्थापना महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य किसी भी प्रकार की हिंसा से प्रभावित और संकटग्रस्त महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही स्थान पर विभिन्न आपातकालीन एवं गैर-आपातकालीन सहायता उपलब्ध कराना है। सुरक्षित आश्रय एवं तात्कालिक सहायता - वन स्टॉप सेंटर उन महिलाओं को तत्काल आश्रय और सुरक्षा प्रदान करता है जो घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, यौन हिंसा अथवा किसी भी प्रकार की शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना का शिकार होती है। सेंटर में महिलाओं को तत्काल सुरक्षा प्रदान की जाती है और उन्हें सुरक्षित वातावरण में आश्रय दिया जाता है। कानूनी सहायता और परामर्श - वन स्टॉप सेंटर पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता प्रदान करता है ताकि वे अपने अधिकारों को समझ सके और आवश्यक कानूनी कदम उठा सकें। कानूनी परामर्श और न्यायिक प्रक्रियाओं में सहायता मिलने से महिलाएँ अपने साथ हुए अन्याय के खिलाफ न्याय पाने की दिशा में सशक्त हो सकें। चिकित्सा सहायता - वन स्टॉप सेंटर पर महिलाओं को तत्काल चिकित्सा सहायता मिलती है। हिंसा या प्रताड़ना से घायल महिलाओं को नजदीकी स्वास्थ्य सेवाएँ के साथ समन्वय कर चिकित्सा सेवाएँ दी जाती है।

मनोवैज्ञानिक परामर्श - हिंसा की शिकार महिलाएँ अक्सर मानसिक आघात से गुजरती है, वन स्टॉप सेंटर पर प्रशिक्षित परामर्शदाता महिलाओं को मानसिक और भावनात्मक समर्थन प्रदान करते है जिससे उनका आत्म-विश्वास मजबूत होता है।

पुनर्वास सेवाएँ एवं समाज में पुनर्स्थापना - वन स्टॉप सेंटर महिलाओं को पुनर्वास सेवाएँ भी प्रदान करते है। जरूरत पड़ने पर महिलाओं को उनके परिवार के साथ पुनर्स्थापित करने अथवा उन्हें स्वतंत्र जीवन जीने, अपने पैरों पर खड़ाहोने का अवसर प्रदान करता है। आर्थिक सशक्तिकरण के लिये प्रशिक्षण और रोजगार - वन स्टॉप सेंटर महिलाओं को रोजगार और स्व-रोजगार देने के लिये प्रशिक्षण देने का भी प्रयास करते है।

## एसएनसीयू के समर्पित प्रयास से दो गंभीर शिशुओं को मिला नवजीवन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम के प्रयासों से ही हम प्रदेश के नवजात शिशुओं और माताओं को बेहतर जीवन देने में सफल हो रहे हैं। उन्होंने बड़वानी एसएनसीयू के समर्पित चिकित्सकों और स्वास्थ्य-कर्मियों की कड़ी मेहनत और सेवा भावना की सराहना की है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम से अपील की है कि समर्पण और सेवा-भाव से कार्य करते रहें। समेकित प्रयासों से मध्यप्रदेश को हम स्वास्थ्य मानकों में शीर्ष पर ले जाने में सफल होंगे। कलमानी, कुक्षी जिला धार की निवासी श्रीमती सविता की डिलीवरी 19 अगस्त 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुक्षी में गर्भावस्था के साढ़े 6 महीने में हुई थी। नवजात शिशु का वजन मात्र 900 ग्राम था और सांस की गंभीर समस्या के कारण शिशु को तुरंत बड़वानी एसएनसीयू रेफर किया गया। 53 दिनों के सफल उपचार के बाद, शिशु का वजन बढ़कर 1.26 किलोग्राम हो गया। शिशु को स्वास्थ अवस्था में 10 अक्टूबर 2024 को डिस्चार्ज किया गया है। कल्याणपुरा, बड़वानी की श्रीमती काजल को गर्भावस्था के 6 महीने में अचानक प्रसव पीड़ा के चलते महिला अस्पताल बड़वानी लाया गया। समय से पहले हुए प्रसव के कारण नवजात शिशु का वजन मात्र 800 ग्राम था और उसे धीमी श्वास और कमजोर हृदय गति की स्थिति पर संज्ञान लेकर तुरंत एसएनसीयू में भर्ती किया गया। विशेषज्ञों की देखरेख में 72 दिनों तक चले उपचार के बाद शिशु का वजन बढ़कर 1.29 किलोग्राम हो गया और 10 अक्टूबर 2024 को उसे स्वस्थ अवस्था में डिस्चार्ज किया गया। दोनों शिशुओं के माता-पिता ने एसएनसीयू टीम का आभार व्यक्त किया और उनके समर्पित प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया, जिनकी मेहनत और सेवाभाव ने उनके बच्चों को नया जीवन दिया है।


## 'बिजली संबंधी शिकायत मिलते ही घर पहुँचेगी बिजली कंपनी की एफओसी टीम

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के संचालक मंडल ने निर्णय लिया है कि अब भोपाल क्षेत्र अंतर्गत मुलताई, बासौदा, सिरोंज, ब्यावरा, इटारसी, पिपरिया नगर, रातीबड़ वितरण केन्द्र, आष्टा नगर तथा ग्वालियर क्षेत्र अंतर्गत राघौगढ़ नगर एवं करैरा नगर के बिजली उपभोक्ताओं को राउंड द क्लॉक (24ङ्म7) स्थानीय बिजली अवरोध अथवा घरेलू फॉल्ट होने पर बिजली कंपनी की रख रखाव टीम त्वरित विद्युत सुधार हेतु उपभोक्ता के घर दस्तक देगी। यह सुविधा अगले कुछ दिनों में ही इन शहरों और कस्बों के नागरिकों को मिलने वाली है। इसके अलावा भोपाल शहर के चांदबढ़ और ग्वालियर शहर के दीनदयाल नगर में वर्तमान में कार्यरत एक टीम के स्थान पर एक अतिरिक्त एफओसी टीम स्वीकृत की गई है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने बताया है कि कंपनी ने व्हाट्सएप चेटबोट एवं उपाय ऐप के साथ ही अपने केन्द्रीयकृत कॉल सेन्टर 1912 की सेवाओं का विस्तार कर इन शहरों और कस्बों के लगभग 2 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को बिजली संबंधी शिकायतें हल कराने की सुविधा उपलब्ध कराई है। कंपनी के प्रबंध संचालक ने बताया है कि राउंड द क्लॉक तीन शिफ्टों में पृथक-पृथक तकनीकी लाइन स्टॉफ की टीमें काम करेंगी। इसके लिए प्रत्येक शहर में 7 लाइन स्टॉफ को नियुक्त किया जाएगा।

इसी प्रकार इन सभी टीमों के पास सभी उपकरणों से लैस वाहन होगा जो तीन शिफ्टों में काम करेगा। साथ ही इस टीम के पास एक अत्याधुनिक स्मार्ट फोन रहेगा जो कि कंपनी के केन्द्रीयकृत कॉल सेन्टर से जुड़ा रहेगा। प्रबंध संचालक का कहना है कि इन शहरों और कस्बों के नागरिकों को राउंड द क्लॉक विद्युत सुधार की सुविधा मिलने से उपभोक्ता संतुष्टि में वृद्धि होगी साथ ही इन उपभोक्ताओं से राजस्व संग्रह में भी आसानी होगी।

## अलीराजपुर के चंद्रशेखर आजाद नगर में पहुंचा हर घर नल से जल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** अलीराजपुर जिले में महान क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद की जन्मस्थली चंद्रशेखर आजाद नगर (भाबरा) के हर घर में नल से शुद्ध जल पहुंच रहा है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की इंदौर इकाई द्वारा एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से चन्द्रशेखर आजाद नगर में जल प्रदाय परियोजना का कार्य पूरा किया जा चुका है। नगर के 1520 से अधिक घरों को नल कनेक्शन से जोड़ दिया गया है। हर घर को जल प्रदाय नेटवर्क से जोड़ने के लिए 44 किलोमीटर लंबी पाइप लाइन बिछाई गई है। पानी के संग्रहण के लिए 150 किलोलीटर का ओवर हैड टैंक निर्मित किया गया हैं। इस परियोजना में हथनी डैम से जल लिया जा रहा है, जल को शुद्ध करने के लिए 1.6 एमएलडी क्षमता का जल शोधन संयंत्र भी स्थापित किया गया है।



दस वर्षों के संचालन और संधारण के साथ इस परियोजना की लागत लगभग 24 करोड रूपये है, इससे 8 हजार से अधिक की आबादी को लाभ हो रहा है। जल प्रदाय परियोजना के पहले चंद्रशेखर आजाद नगर के रहवासी पानी के लिए बोरिंग पर निर्भर रहते थे पर अब समय पर भरपूर पानी मिल रहा है। चंद्रशेखर आजाद नगर के वार्ड क्रमांक 5 निवासी बनम सिंह का कहना है पानी घर बैठे मिल रहा है, पहले पानी की किल्लत रहती पर अब पानी समय पर आता है। कमलेश सिंह कहते है कि नल से आने वाले जल की गुणवत्ता अच्छी है, अब जल संबंधित सभी समस्याओं के निराकरण हुआ है। आजाद नगर में जल जनित बीमारियों का खतरा भी नहीं है। सपना सिंह का कहना है कि पहले पानी के लिए बाहरी स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था, परंतु अब स्वच्छ एवं पर्याप्त जल घर पर ही नल कनेक्शन के माध्यम से आ रहा है। पानी उचित प्रेशर के साथ आ रहा है। आदिवासी अंचल की यह परियोजना चंद्रशेखर आजाद नगर के नागरिकों के लिए वरदान साबित हुई है।

## अवैध कॉलोनियों में स्थायी विद्युत कनेक्शन के लिये लागत भुगतान में मिलेगी राहत

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** प्रदेश की घोषित एवं अघोषित अवैध कॉलोनियों के रहवासियों को स्थायी विद्युत कनेक्शन देने के लिये आवश्यक अधोसंरचना निर्माण की लागत के भुगतान में राहत देने हेतु सुगम विद्युत (सुविधा) योजना-2024 लागू की गई है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि इन कॉलोनियों के रहवासियों की समस्याओं के समाधान के लिये बनाई गई यह योजना दो वर्ष के लिये लागू रहेगी। योजना में निर्धारित शर्तों के अधीन अधोसंरचना लागत राशि किश्तों में जमा की जा सकती है। योजना की समीक्षा के बाद इसे आगे बढ़ाने पर विचार किया जायेगा। ऐसी अवैध कॉलोनियाँ जो रेरा में पंजीकृत नहीं है, के नये आवेदक जो विद्युत कनेक्शन के लिये आवश्यक विद्युत अधोसंरचना का निर्माण विद्युत वितरण कम्पनियों से कराना चाहते हैं, परन्तु प्राक्कलन राशि का एकमुश्त भुगतान नहीं कर पाने के कारण नवीन कनेक्शन नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं, योजना अंतर्गत पात्र होंगे। यह योजना केवल व्यक्तिगत आवेदकों और आवेदकों के समूह के लिये लागू होगी। हाउसिंग सोसायटी/बिल्डर/कालोनाइजर इस योजना में पात्र नहीं होंगे। योजना में आवेदक या आवेदकों के समूह को निर्धारित राशि का न्यूनतम 25 प्रतिशत आवेदन के साथ एकमुश्त देना होगा। शेष राशि का भुगतान कनेक्शन चालू होने के बाद मासिक बिल के साथ ब्याज सहित किया जा सकेगा। भुगतान अधिकतम दो वर्ष की अवधि में कर सकेंगे। योजना का लाभ लेने के लिये आवेदक को महाप्रबंधक/वृत्त कार्यालय में आवेदन देना होगा। साथ ही स्टॉम्प पेपर पर इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि वह योजना के प्रावधान के अनुसार राशि का भुगतान करेंगे।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के सफल क्रियान्वयन की दिशा में प्रयास तेज

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा है कि केन्द्र सरकार के %धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान% में राज्य सरकार प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में समग्र विकास एवं लक्षित आबादी का कल्याण सुनिश्चित करेगी। उन्होंने अधिकारियों को इस अभियान को प्राथमिकता देने और सुनिश्चित करने के लिए कहा कि कोई भी पात्र जनजातीय परिवार/व्यक्ति इस अभियान के तहत मिलने वाले लाभों से वंचित न रहे। मंत्री डॉ. शाह आज प्रशासन अकादमी में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की उन्मुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने प्रमुख सचिव डॉ. ई. रमेश कुमार के साथ विभागीय जिलाधिकारियों को अभियान के शीघ्र और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अपने प्रस्ताव शीघ्रता से प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रदेश के जनजातीय समुदाय के जीवन स्तर को सुधारने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है, जिसमें हितग्राहियों की संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। मध्यप्रदेश के 51 जिलों के 267 विकासखंडों के 11 हजार 377 गांवों में इस अभियान का व्यापक रूप से संचालन किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य प्रदेश की बड़ी जनजातीय आबादी को शासकीय सेवाओं एवं सुविधाओं का सीधा लाभ पहुंचाना है। प्रमुख सचिव डॉ. ई. रमेश कुमार ने भी विभागीय अधिकारियों को विशेष रूप से अभिप्रेरित करते हुए इस अभियान के लक्ष्यों की पूर्ति कर लिए ठोस योजना बनाने और उनके क्रियान्वयन की दिशा में तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान अपने जिले के जनजातीय क्षेत्रों में अधिकाधिक मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) और जनजातीय बहु विपणन केन्द्र (टीएमएमसी) निर्माण के प्रस्ताव भेजें।

अभियान से मध्यप्रदेश के 18 लाख 58 हजार जनजातीय परिवारों को लाभ मिलेगा, जिससे कुल 93 लाख 23 हजार जनजातीय आबादी को विभिन्न सेवाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। साथ ही तहत भारत सरकार के 17 लाईन मंत्रालयों/विभागों द्वारा प्रदान की जाने वाली 25 प्रकार की सेवाओं और सुविधाओं को इन जनजातीय परिवारों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी, जिससे उनकी आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक स्थिति में सुधार हो सके। जनजातीय समुदाय को स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, आजीविका, और बुनियादी सेवाओं की सुविधाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना और जनजातीय क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं का विकास इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और हितग्राहियों तक समय पर सेवाओं की उपलब्धता और जनजातीय परिवारों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए विशेष प्रयास इस अभियान के दौरान किये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि %धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान% के अंतर्गत प्रदेश की जनजातीय आबादी के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे जनजातीय समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

## पढ़ाई के साथ अभिरुचियों के अवसरों से बच्चों का होता है सर्वांगीण विकास-सचिव स्कूल शिक्षा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** किताबी पढ़ाई के साथ अन्य अभिरुचियों के क्षेत्र में भी बच्चों को अवसर मिलना आवश्यक है। यह उनके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करता है। स?कूल शिक्षा सचिव डॉ. संजय गोयल आज भोपाल के कमला नेहरू सीएम राइज़ स्कूल में अभिभावकों और शिक्षकों से चर्चा कर रहे थे। सचिव डॉ. गोयल ने सृजन प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। उल्लेखनीय है कि इन दिनों सीएम राइज़ स्कूलों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिये संचालित गतिविधियों के तहत सृजन प्रदर्शनियों का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रदर्शनियों में सत्र के आरंभ से अभी तक विद्यार्थियों द्वारा बनाये गए विभिन्न मॉडल्स और अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही अन्य क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों को अभिभावकों के समक्ष प्रदर्शित किया। स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा सीएम राइज़ स्कूलों में %%सृजन%% का आयोजन इस विचार के साथ किया गया है कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास में उनके अभिभावकों का जुड़ाव हो और वे विद्यालय में हो रही गतिविधियों से परिचित हो सकें। प्रदर्शनी में कक्षावार गतिविधियों के तहत मजबूत प्रारंभिक शिक्षा के लिये संचालित मिशन अंकुर की बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान पर आधारित स्व-निर्मित पोस्टर्स, गणितीय दक्षताओं पर आधारित पजल्स, अंकों, अक्षरों और शब्दों पर आधारित गतिविधियाँ प्राथमिक एवं पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा संजोई गई। माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों के साथ ही विज्ञान और अन्य विषयों पर निर्मित आकर्षक मॉडल्स प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर अपने बच्चों की शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक उपलब्धियों पर गर्व मिश्रित प्रतिक्रियाएँ दीं।



## आमने-सामने से टकराईं बाइक, महिला-पुरुष गंभीर रूप से घायल



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले के सिहावल जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सोनबरसा आनंदी देवी मंदिर के सामने दो बाइक आमने-सामने भिड़ गईं, जिसमें एक महिला और पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अमिलिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार बिना नंबर प्लेट की स्प्लेंडर बाइक लेकर एक व्यक्ति सीधी जा रहा था। दूसरी तरफ से भी बाइक पर पत्नी सुमित्रा पटेल को बैठाकर रावेंद्र पटेल सिहावल की तरफ जा रहे थे, तभी आनंदी देवी मंदिर के सामने दोनों टकरा गए। बाइक पर सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा गुरुवार दोपहर 1 बजे का है। अमिलिया थाने में पदस्थ एसआई इंद्राज सिंह ने बताया कि एक्सीडेंट करने वाले दूसरे बाइक व उसके चालक की तलाश की जा रही है।

# बैढ़न में हुई हत्या का 2 दिन बाद खुलासा

## रुपयों के लेन-देन को लेकर स्पा सेंटर के मैनेजर ने ही की थी दूसरे मैनेजर की हत्या

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** जिले के विंध्य नगर रोड बैढ़न स्थित अंजलि सुधांशु स्पा सेंटर के मैनेजर सिकंदर रविदास की हत्या बेलौजी स्थिति अंजलि सुधांशु स्पा सेंटर के मैनेजर शिवम मिश्रा ने की थी। दरअसल, दोनों स्पा सेंटर एक ही मालिक के हैं, जो अलग-अलग रोड पर स्थित हैं। दोनों में रुपयों के लेन-देन को लेकर विवाद था। कितने रुपयों का विवाद था, पुलिस यह नहीं बता रही है। बैढ़न पुलिस ने आरोपी को बरगवां रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है।

एसपी निवेदिता गुप्ता के मुताबिक, 8 अक्टूबर की रात सूचना मिली थी कि अंजलि सुधांशु स्पा सेंटर विंध्य नगर रोड बैढ़न के मैनेजर सिकंदर रविदास की हत्या कर दी गई। पुलिस पहुंची तो स्पा सेंटर की गैलरी में सिकंदर रविदास मृत पड़ा हुआ था। सिर पर गंभीर चोट थे। घटना स्थल का जब निरीक्षण किया तो पास ही तवा मिला, जिसमें खून लगा था।




घटना स्थल के आसपास पूछताछ हुई तो लोगों ने बताया कि आरोपी शिवम मिश्रा ऑटो से बरगवां की तरफ भागा है। इसके बाद बरगवां पुलिस को सूचना दी गई। वहां की पुलिस ने रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने हत्या करना कबूल कर लिया है।

इस खुलासे में थाना प्रभारी अशोक सिंह परिहार, थाना प्रभारी शिव पूजन मिश्रा, थाना प्रभारी अर्चना द्विवेदी, उप निरीक्षक केपी सिंह, उप निरीक्षक नीरज सिंह चौहान, सहायक उप निरीक्षक विशेषण साकेत, सहायक उप निरीक्षक राजेश शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक अरविंद द्विवेदी, संजीत सिंह, अमित द्विवेदी और प्रधान आरक्षक जितेंद्र सिंह सेंगर की भूमिका अहम रही।

## जिले के पांच गांवों में जैविक खेती को बढ़ावा दे रहीं उषा



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले के ग्राम लौआ की उषा तिवारी एक सामान्य परिवार की महिला हैं। आजिविका मिशन के माध्यम से स्वसहायता समूह से जुड़ने से पहले वह घर के काम में ही पूरा समय व्यतीत कर देती थीं। उनके पति भी घर पर छोटा-मोटा काम करते थे जिससे वर्ष में 50 हजार रुपये से भी कम आय हो पाती थी। इतनी कम आय में परिवार चलाना, भोजन, बच्चों की पढ़ाई आदि कार्य सुचारु रूप से नहीं चल पाते थे एवं कमाई का कोई अन्य माध्यम नहीं होने के कारण घर की आजीविका चलाना कठिन हो गया था। ऐसे कठिन समय में आजीविका मिशन उनकी जिंदगी में उम्मीद की किरण लेकर आया। आजीविका मिशन के साथियों के साथ संपर्क में आने के बाद पति के सपोर्ट से वह ज्योति स्व सहायता समूह से जुड़ी। उषा तिवारी समूह से जुड़े सदस्यों के साथ निरंतर बैठक एवं बचत करती गई, अपने आजीविका को बढ़ाने के लिए उन्होंने अपने समूह से ऋण लेकर पूजन सामग्री की दुकान शुरू की। साथ ही उनके द्वारा समूह गठन, सिलाई, कृषि सीआरपी एवं अन्य आजीविका संबंधी कार्य किया भी शुरू किया गया। उषा तिवारी के जीवन में असली परिवर्तन कृषि सखी बनने के बाद आया। कृषि सखी का सीधी, भोपाल एवं विदिशा में प्रशिक्षण लेकर वह स्टेट मास्टर ट्रेनर बनी। वर्तमान में वह 5 गांव में कार्य कर रही हैं। उन्होंने अपने राज्य से बाहर जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश के बादा, ललितपुर, पंजाब के धारीबाल में लगभग 2430 दीदियों को प्रशिक्षण देने का कार्य भी किया है। उषा तिवारी द्वारा जैविक उत्पादक समूह बनाया गया है, जिसमें गाँव की गरीब दीदी को जोड़ कर अपने घर में जैविक तरीके से खाद दवा बना कर जैविक कृषि, जैविक सब्जी उत्पादन एवं अन्य आजीविका गतिविधि को चलाने हेतु प्रयास किया जा रहा है। उनके द्वारा जैविक खेती के लिए वर्मी बैग का वितरण भी किया जाता है। ऊषा तिवारी का कहना है कि जैविक खेती करना हमारे स्वास्थ्य एवं हमारे पर्यावरण के लिए लाभदायक है।

## सैनिक कीट से प्रभावित धान का अवलोकन किया गया



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार उपसंचालक कृषि संजय कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व कृषि वैज्ञानिकों ने ग्राम लुरघुटी विकासखण्ड कुसमी के किसानों के यहां सैनिक कीट से प्रभावित धान फसल का अवलोकन कर कीट नियंत्रण हेतु उपाय बताए गए।

बुधवार 09 अक्टूबर को उप संचालक कृषि सीधी, अमृता तिवारी कृषि वैज्ञानिक (पौध संरक्षण), बंटीलाल तकनीकी सहायक सीधी, महेश प्रताप सिंह वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड कुसमी, राकेश सिंह सिसौदिया कृषि विस्तार अधिकारी विकासखण्ड कुसमी, मेघ सिंह मेड़ा कृषि विस्तार अधिकारी विकासखण्ड कुसमी, स्थानीय सरपंच एवं स्थानीय किसानों की उपस्थिति में सैनिक कीट से प्रभावित धान फसल का अवलोकन किया गया। साथ ही बताया कि किसानों को सैनिक कीट के नियंत्रण हेतु कीटनाशक का उपयोग पंजीकरण समिति द्वारा लेबल दावे के अनुमोदन के रूप में किया जाना चाहिए। शाम के समय धान की फसल पर क्लोरपाइरीफॉस 20 ईसी / 2.5 लीटर प्रति हेक्टेयर या क्विनलफॉस 25 ईसी ध् 2.0 लीटर प्रति हेक्टेयर या ट्रायजोफॉस 40 ईसी/1.0 लीटर प्रति हेक्टेयर या डाइक्लोरवोस 76 एसएल 600 मिली प्रति हेक्टेयर का छिड़काव करें। क्लोरपाइरीफॉस 1.5 प्रतिशत डी पाउडर का छिड़काव करने से यह कीट नियंत्रित होता है। प्रारंभिक अवस्था में छिड़काव बहुत प्रभावी होता है। किसानों के द्वारा कीटनाशक दवा ₹ य करने पर देयक के साथ आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने पर 500 रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से अनुदान राशि संबंधित कृषकों के खाते भुगतान की जायेगी। साथ ही किसानों को सिंचाई करने, सैनिक कीट के अण्डे, प्यूपा, इल्ली आदि को एकत्रित करके नष्ट करने की सलाह दी गई जिससे उक्त कीट के प्रकोप से नियंत्रण पाया जा सकता है।

## युवा उद्यमियों व संस्थाओं के चयन हेतु आवदेन 18 तक

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिले हेतु विकासखण्ड स्तरीय 04 मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं में विकास खण्ड मझौली, रामपुर नैकिन, कुसमी, सिहावल हेतु युवा उद्यमियों/संस्थाओं का चयन किया जाना है। जिसके अंतर्गत जिले में विकासखण्ड स्तरीय स्थापित 04 मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं में युवा उद्यमियों/संस्थाओं द्वारा मृदा नमूना परीक्षण कराए जाने के लिए, इन प्रयोगशालाओं को युवा उद्यमियों/संस्थाओं को आवंटन हेतु एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन 18 अक्टूबर 2024 तक एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल 'जिजचरूध्ध्उचवदसपदमण्हवअण्प द पर स्वयं एवं एम.पी. ऑनलाइन के कियोस्क केन्द्र के माध्यम से भरा जा सकेगा। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग संजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आवेदन प्रि या के संबंध में अधिक जानकारी किसान कल्याण तथा कृषि विकास कार्यालय से संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

## सिंगरौली में 2 दिन बंद रहेगा कोयले का परिवहन, कलेक्टर ने जारी किए आदेश

### त्योहार के चलते लिया गया फैसला

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** जिले में नवदुर्गा उत्सव के दौरान 11-12 अक्टूबर को कोयला और राखड़ का परिवहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इस बारे में आज जिला कलेक्टर ने आदेश जारी कर दिए हैं। इस दौरान एक तरफ जहां मूर्तियों का विसर्जन होगा वहीं दूसरी तरफ रावण दहन का भी कार्यक्रम होगा। जिला कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने आज जारी आदेश में निर्देशित किया है कि सिंगरौली जिले में 11 अक्टूबर की शाम 5 बजे से लेकर रात 12 बजे तक और दूसरे दिन यानी 12 अक्टूबर की दोपहर 2 बजे से लेकर 13 अक्टूबर की सुबह 2 बजे तक पूरी सिंगरौली जिले में सड़क मार्ग से परिवहन होने वाला कोयला और राखड़ का परिवहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।



कलेक्टर ने अपने आदेश में बताया है कि नवदुर्गा प्रतिमा के विसर्जन और रावण दहन कार्यक्रम के दौरान आयोजन स्थलों पर अत्यधिक भीड़ इकट्ठा होती है। त्योहारों के दौरान आम नागरिकों को सुगम व्यवस्था रखने की दृष्टिकोण से यह आदेश पारित किया गया है। जिससे भीड़-भाड़ और लोगों के इकट्ठा होने के दौरान सड़क मार्ग पर भारी वाहन न चलें। जिससे किसी भी तरह की कोई दुर्घटना न हो सके। यहां आपको बता दें कि सिंगरौली जिले में प्रतिदिन हजारों की संख्या में कोयला परिवहन करने वाले ट्रक और रखड़ परिवहन करने वाले वाहन गुजरते हैं

## दुर्गा मूर्ति विसर्जन के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** दशहरा को दुर्गा मूर्ति विसर्जन हेतु तिथि निर्धारित है एवं जिला अंतर्गत निर्धारित स्थलों पर दुर्गा मूर्ति विसर्जन किया जायेगा। अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आदेश जारी कर उक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए शान्ति सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोपद बनास तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीधी की ड्यूटी सोन नदी गऊघाट में, तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बहरी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिहावल की ड्यूटी सोन नदी जोगदहा अमिलिया में, तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी चुरहट तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत चुरहट की ड्यूटी सोन नदी कोल्दहा चुरहट में, तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी रामपुर नैकिन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रामपुर नैकिन की ड्यूटी भंवर सेन रामपुर नैकिन में, तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी मझौली तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मझौली की ड्यूटी बनास नदी सेहड़ा नदी मझौली में, तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी कुसमी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुसमी की ड्यूटी गोपद नदी गोतरा घाट खर्रा घाट में, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीधी तथा नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी वृत्त सेमरिया की ड्यूटी गोपालदास बांध सीधी में लगाई गई है।

## ईद-ए-गौसिया ग्यारहवी शरीफ 15 अक्टूबर को

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** पीराने पीर दस्तगीर शेख अब्दुल कादिर जीलानी रह0 की याद में मनाया जाने वाला ईद-ए-गौसिया ग्यारहवी शरीफ हर वर्ष की तरह इस वर्ष 15 अक्टूबर दिन मंगलवार को विन्ध्य क्षेत्र में पुरखुलूस व अकीदत मन्दी के साथ मनाया जायेगा। उम्मत-ए-मोहम्मदिया कमेटी रीवा के संस्थापक मो0 शुऐब खान, मोहसिन खान एवं अध्यक्ष मकदूम खान ने प्रेस को जारी संयुक्त विज्ञप्ति में बताया है कि ग्यारहवी शरीफ का त्यौहार 15 अक्टूबर दिन मंगलवार को पूरे अकीदत मन्दी के साथ मनाया जायेगा, इस दिन घरों मे दरूद व फातेहा का एहतमाम किया जाता है, गरीबों को खाना खिलाया जाता है, जगह-जगह जल्से आयोजित किये जाते है। ये वही बड़े पीर सरकार है जिन्होने सफर के दौरान बाल्यावस्था में ही सच्चाई की वजह से 40 डाकूओं ने इस्लाम कुबूल किया था। हज़रत मोइनुद्दीन चिश्ती अज़मेरी रह0 को गरीब नवाज का खिताब अब्दुल कादिर जीलानी रह0 ने दिया था। आपको गौस पाक के नाम से भी जाना जाता है, आप सारे वलियों के सरदार भी है, आपकी पैदाइश एक रमज़ान को हुई थी, आप जीलान शहर के रहने वाले थे, आपकी मज़ार शरीफ ईराक की राजधानी बगदाद शरीफ मे बनी है। ज्ञात हो कि हज़रत अब्दुल कादिर जीलानी रह0 की 11वीं पुस्त मे से हज़रत मीर मोहम्मद कादरी जिन्हे सैय्यदना पाक के नाम से भी जाना जाता है जिन्हे सय्यदुल हिन्द भी कहा जाता है, सय्यदुल हिन्द 11 वर्ष की उम्र मे बगदाद से 40 साथियों के साथ लगभग 500 वर्ष पूर्व हिन्दुस्तान तशरीफ लायें और वह बिहार राज्य के औरंगाबाद जिले के एक कस्बा अमझर शरीफ में कयाम कियें, उनके खानदान के लोग आज भी वहां आबाद हैं। इस ईद-ए-गौसिया ग्यारवीं शरीफ को पूरे अकीदत मन्दी व पुर खुलूश के साथ मनाने की अपील उम्मत-ए-मोहम्मदिया कमेटी के संस्थापक मोहम्मद शुऐब खान, मोहसिन खान, अध्यक्ष मकदूम खान, साबिर खान अशरी, कार्यवाहक अध्यक्ष माजिद खान, सचिव मुस्तहाक खान, अजहरूद्दीन अज्जू, मो0 लईक खान, संयुक्त सचिव गुल मोहम्मद अंसारी, पेशईमाम जान मो0 खान, मो0 आबाद खान, वाइज खान, वाजिद खान कादरी, अयाज खान, राशिद खान, फैज अहमद कादरी, गुलाम मोहम्मद टीपू खान, सईद अशरफी, वाशिद खान, हसीब खान राज, वहाबुद्दीन खान, मुशीबुद्दीन खान सुहैल अशरफी, इकबाल अहमद खान आदि ने की है।


## जाहिर आम सूचना

यह कि शेख अख्तर अली पिता श्री शेख असगर अली निवासी किला रोड, तहसील हुजूर, जिला रीवा म.प्र. के द्वारा मेरे पक्षकार के यहां भूमि खसरा नं. 1307/2 रकवा 0.145 हे. मेसे 360 वर्गफिट मौजा निपनिया, पटवारी हल्का निपनिया, तहसील हुजूर नगर, जिला रीवा (म.प्र.) के भूमि के वर्तमान मूल हक विलेख को बंधक / निच्छेप कर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है जिस भूमि के पूर्व भूमिस्वामी श्री गया प्रसाद शुक्ला तनय श्री रामप्रपन्न शुक्ला हैं जो मूल विक्रय पत्र दिनांक 27.06.2022 विक्रय पत्र न . MP328492022A1686897, के द्वारा प्राप्त की थी। एवं श्री गया प्रसाद शुक्ला तनय श्री रामप्रपन्न शुक्ला ने उक्त भूमि को पूर्व भूमिस्वामी श्रीमती कमला द्विवेदी पत्नी श्री छोटेलाल द्विवेदी जो मूल विकय पत्र दिनांक 28.06.2021 विक्रय पत्र नं. MP328492021A1489224 के द्वारा प्राप्त की थी। एवं श्रीमती कमला द्विवेदी पत्नी श्री छोटेलाल द्विवेदी ने उक्त भूमि को पूर्व भूमिस्वामी श्री महेश कुमार डुंडिया तनय श्री बलम जी डुंडिया जो मूल विक्रय पत्र दिनांक 05.09.2019 विक्रय पत्र नं. MP328492019A1626991 जो दोनों विक्रय पत्र कहीं गुम हो गई है। इस बावत आम जन व्यक्त निकाय को इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी भी व्यक्ति व निकाय, संस्था को कोई मूल विक्रय पत्र दिनांक 28.06.2021 विक्रय पत्र नं. MP328492021A1489224 एवं मूल विकय पत्र दिनांक 05.09.2019 विक्रय पत्र नं. MP328492019A1626991 के सम्बंध में कोई आपत्ति या किसी प्रकार का कोई हित निहित हो तो इस सूचना के प्रकाषन के 7 दिवस के अन्दर मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड रीवा में या मेरे कार्यालय चे. नं. 12 जिला न्यायालय के पीछे रीवा मो.नं. 8435691666 में कार्यालयीन समय 11 से 05 बजे के मध्य दिन को मय दस्तावेज सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मुद्दत मेरा पक्षकार उक्त संम्पत्ति को पाक साफ मानते हुए वर्तमान स्वामी के नाम का मूल हक विलेख को निक्षेप कर / बंधक कर ऋण प्रदान करेगा व कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर बंधनकारी नहीं होगी।

**भवदीय**
सुनील कुमार मिश्र
एडवोकेट चें. नं.12,
नवीन अधिवक्ता भवन
जिला न्यायालय, जिला रीवा म.प्र.


## उद्योगपति पद्मविभूषण रतन टाटा के निधन पर शोक

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** देश के महान उद्योगपति पद्मविभूषण रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए समाजवादी नेता दादा कौशल सिंह, राष्ट्र सेवा दल के मीसाबंदी बृहस्पति सिंह, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह एड, मीसा बंदी रामेश्वर सोनी, माहेश्वरी त्रिपाठी, स्वदीप सिंह एवम दिलीप तिवारी एड ने अपने शोक संदेश में कहा है, की रतन टाटा केवल उद्योग पति भर नही थे बल्कि नैतिक और राष्ट्र भक्त थे । उनका उद्देश्य उद्योग विस्तार के द्वारा देश का विकाश करना था । टाटा उद्योग से निर्मित प्रत्येक वस्तु पर देश की जनता आंख बंद कर भरोसा करती है , क्योंकि उस पर रतन टाटा की छाप लगी होती है । आज उनके निधन से पूरा देश दुखी है । ऐसे उद्योग पति के जाने से देश को अपूरणीय क्षति हुई है ।

## शा. महाविद्यालय सेमरिया में एचआईव्ही एड्स के प्रति किया जागरूक






**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल द्वारा दिए गए दिशा निर्देशानुसार सघन एड्स जागरूकता अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय सेमरिया में एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रीवा एवं डा.अनुराग शर्मा, जिला नोडल अधिकारी के निर्देशानुसार और बी एम ओ डॉ0 प्रशांत शुक्ला एवं प्रभारी मेडिकल आफिसर डॉ नितिन शुक्ला के मार्गदर्शन में किया गया।

डॉ जैनुल खान आई सी टी सी काउसंलर सेमरिया के द्वारा महाविद्यालय के छात्र और छात्राओं को एच आई व्ही एड्स और एस टी आई विषय पर विस्तार पुर्वक जानकारी दी और एच आई व्ही के चार कारण-लक्षण और उनसे बचाव के उपाय बताये साथ ही एसटी आई गुप्त रोग संबधी समस्यो पर खुलकर बात करने एवं समाधान हेतु परामर्श लेने जानकारी प्रदान की गई एच आई व्ही एड्स की जानकारी ही बचाव है और आज ज्यादातर युवा इस बीमारी से जानकारी न होने के आभाव से ग्रसित हो रहे है। आप विस्तृत जानकारी के लिए 1097 टोल फ्री नम्बर पर काल कर भी प्राप्त कर सकते है। आई सी टी सी केन्द्र में एच आई व्ही जॉच निःशुल्क की जाती है।300 छात्र और छात्राओं को आई सी मटेरियल उपलब्ध कराये गये।

आर डी पटेल नेत्र सहायक द्वारा बताया गया कि आज विश्व दृष्टि दिवस है आप की ऑखे बडी अनमोल है लेकिन आज सोशल मीडिया के जमाने में हम ज्यादा समय हम कम्पुटर टी वी और मोबाईल पर लगे रहते है जिससे हमारी ऑखो पर ज्यादा असर हो रहा है अगर आप के ऑख में जलन खुजली हो यह कोई भी समस्या हो तो नेत्र विशेषज्ञ से जरूर चेकअप कराये क्योकि ऑख बहुत ही अनमोल है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रावेन्द्र कुमार साहु जी द्वारा बच्चो को कहा कि आप सब जो जानकारी प्राप्त कर रहे है उसका अनुसरण आप तो करये ही अपने आसपास के लोगो को भी अवगत कराकर उनके बेहतर स्वास्थ्य बनाने में आप सहभागिता कर सकते। इस अवसर पर डॉ0 रावेन्द्र कुमार साहु ,डॉ0 जैनुल खान ,आर डी पटेल और महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ मौजूद रहे।

## शा. महा. मड़वास में देवी अहिल्याबाई होलकर पर संगोष्ठी का आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से समाज परिचित हो इस उद्देश्य से जागरूकता अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महाविद्यालय मड़वास में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आई.पी. प्रजापति ने कहा कि देवी अहिल्याबाई असाधारण शासनकर्ता, न्यायप्रिय लोक कल्याणकारी और पर्यावरण की संरक्षिका थी। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. दीपक अग्निहोत्री ने किया। उन्होंने देवी अहिल्याबाई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का संक्षिप्त परिचय दिया। डॉ लक्ष्मीकांत कुशवाहा ने कहा कि देवी अहिल्याबाई के कार्यों से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। महाविद्यालय की छात्रा कुमारी रूबी साहू ने देवी अहिल्या बाई सामाजिक कार्यों के बारे में बताया वही छात्रा निकिता गुप्ता शीलू शुक्ला आँचल सेन ने कविता के माध्यम से अपनी बात कही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ सुरेंद्र गुप्ता डॉ संगीता मिश्रा डॉ निशा सिंह डॉ सौरभी गुप्ता डॉ अमिता खरे सहित महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ एवं छात्र/छात्राये उपस्थित थे।

# विचार

## क्या तीनों कृषि कानूनों को फिर से लागू किया जाएगा?

**क्या ये कानून भारत के लाखों संघर्षरत किसानों और उपभोक्ताओं के सामने आने वाली गहरी समस्याओं को संबोधित करने का एक खोया हुआ अवसर था? हाल ही में, भाजपा के एक सांसद ने 3 राष्ट्रीय कृषि कानूनों को फिर से लागू करने की बात कही। विपक्षी दलों की आलोचना का सामना करते हुए, भाजपा के एक प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि 'उनका बयान पार्टी के विचार का प्रतिनिधित्व नहीं करता है'। मोदी सरकार इन कानूनों को वापस लाने का इरादा नहीं रखती है।**

**वे कानून क्या थे? = सितंबर 2020 में लागू किए गए इन कानूनों में सबसे दूरगामी कानून किसान उपज व्यापार और वाणिज्य ( संवर्धन और सुविधा ) अधिनियम, 2020 था। इसने केंद्र को अंतर-राज्य व्यापार को विनियमित करने की अनुमति दी, जिससे किसान या व्यापारी को व्यापार और वाणिज्य करने की स्वतंत्रता मिली, जबकि व्यापारियों को देश में कहीं भी, यहां तक कि निर्दिष्ट राज्य ए.पी.एम.सी. ( कृषि उपज बाजार समिति ) के बाहर भी किसानों से सीधे निर्दिष्ट कृषि वस्तुओं को खरीदने की अनुमति मिली। दूसरा कानून था मूल्य आश्वासन और कृषि सेवा पर किसान ( सशक्तिकरण और संरक्षण ) समझौता अधिनियम, 2020। इसने किसानों को प्रोसैसर, एग्रीगेटर, बड़े खुदरा विक्रेताओं आदि के साथ 'निष्पक्ष' और 'पारदर्शी' तरीके से जुड़ने के लिए एक कानूनी ढांचा प्रदान किया। तीसरा कानून आवश्यक वस्तु ( संशोधन ) अधिनियम, 2020 था। इसने दालों, अनाज, खाद्य तेल, तिलहन, प्याज और आलू को इस पुराने कानून के दायरे से बाहर कर दिया। इन कानूनों के लागू होने से लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन हुए जो ज्यादातर पंजाब, हरियाणा और दिल्ली तक ही सीमित थे।**

**जनवरी 2021 में, सुप्रीम कोर्ट ने उनके कार्यान्वयन पर रोक लगा दी और गहन समीक्षा करने के लिए एक समिति का गठन किया। 3 महीने की निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रस्तुत समिति की रिपोर्ट कभी सार्वजनिक नहीं की गई। इस बीच, किसानों ने अपना आंदोलन जारी रखा। 19 नवंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें निरस्त करने की घोषणा की।**

**क्या उनमें कुछ गड़बड़ थी? = लेकिन, सबसे पहले, हमें यह पूछना होगा कि कृषि उपज के विपणन पर मौजूदा कानून किसानों के साथ कैसा व्यवहार कर रहे हैं।**

# तमाम दुष्प्रचार के बावजूद दलितों की पसंदीदा पार्टी कैसे बन गयी भाजपा?

**नीरज कुमार दुबे**

**कांग्रेस की ओर से भाजपा पर असर आरक्षण को खत्म करने की साजिश रचने का आरोप लगाया जाता है। इसी आरोप की वजह से लोकसभा चुनावों में भाजपा को बड़ा नुकसान भी हुआ और वह अपने बलबूते स्पष्ट बहुमत हासिल करने से चूक गयी। लेकिन उसके बाद मोदी सरकार ने सबक लिया और एक भी ऐसा अवसर नहीं आने दिया जब दलितों के मन में अपने आरक्षण को लेकर कोई शंका हो पैदा हो। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों की वजह से एससी और एसटी वर्ग के मन में आशंकाएं पनपीं तो मोदी सरकार ने साफ कर दिया कि एससी और एसटी वर्ग के आरक्षण पर कोई आंच नहीं आने दी जायेगी।**



सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से उपजे विवाद के बीच केंद्रीय मंत्रिमंडल ने स्पष्ट कर दिया कि डॉ. भीम राव आंबेडकर के बनाये संविधान में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण में 'मलाईदार तबके' के लिए कोई प्रावधान नहीं है। देखा जाये तो मोदी सरकार का यह स्पष्टीकरण आरक्षण के मुद्दे को लेकर समाज में भ्रम फैलाने वालों पर करारी चोट कर गया। इसके अलावा, इसी साल अगस्त में एक और अवसर आया जब दलितों के मन में आशंकाएं पनपाने का काम किया गया। दरअसल केंद्रीय सेवाओं में लेटरल एंट्री के मुद्दे को उठाते हुए विपक्ष ने कहा कि यह दलितों और पिछड़ों को आरक्षण से वंचित करने की साजिश है। विपक्ष के इस हमले पर तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री ने लेटरल भर्ती विज्ञापन को रद्द करने के निर्देश दिये। केंद्र सरकार ने स्पष्ट कहा कि सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, इस कदम की समीक्षा और इसमें सुधार किया जायेगा। सरकार ने साथ ही देश को यह भी बताया कि लेटरल एंट्री के जरिये नियुक्तियों की शुरुआत कांग्रेस ने ही की थी। यह विषय भी दलितों और पिछड़ों को आश्वस्त कर गया कि मोदी के रहते आरक्षण को कोई खतरा नहीं है। इसके अलावा, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरक्षण के मुद्दे पर ऐसा बयान दे दिया जिससे कि भाजपा को कांग्रेस पर हमला करने का बड़ा मौका मिल गया। दरअसल विदेश दौरे के दौरान राहुल गांधी ने एक सवाल के जवाब में आरक्षण खत्म करने की बात कह दी। उनका यह बयान देखते ही देखते वायरल हो गया। कांग्रेस और राहुल गांधी तमाम सफाई और स्पष्टीकरण देते रहे लेकिन यह मुद्दा तूल पकड़ चुका था। राहुल गांधी के इस बयान को इस तरह से पेश किया गया जैसे कांग्रेस तत्काल आरक्षण खत्म करना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके बाद अपनी हर सभाओं में कहना शुरू कर दिया कि कांग्रेस कान खोलकर सुन ले... जब तक मोदी है, तब तक बाबा साहेब अंबेडकर के दिए आरक्षण में से रत्ती भर भी लूट करने नहीं दूंगा। भाजपा ने आरक्षण पर राहुल गांधी के बयान से उपजे विवाद को खूब तूल दिया जिससे कांग्रेस को जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनावों में नुकसान उठाना पड़ा है।

अगर आप जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणामों का विश्लेषण करेंगे तो पाएंगे कि भाजपा ने जम्मू में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सभी सात सीटों पर कब्जा कर लिया है जबकि हरियाणा में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित 17 में से आठ सीटों पर कब्जा किया है। यह दर्शाता है कि दलित समुदाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के साथ फिर खड़ा हो गया है। हम आपको याद दिला दें कि 2019 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने हरियाणा में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित पांच सीटें जीती थीं, जबकि कांग्रेस ने छह सीटें जीती थीं। जम्मू और कश्मीर में 2014 के विधानसभा चुनावों में (2022 में परिसीमन से पहले जिसके परिणामस्वरूप सीटें 83 से बढ़कर 90 हो गईं) भाजपा ने जम्मू में एससी के लिए आरक्षित पांच सीटें जीतीं थीं और कांग्रेस को एक सीट मिली थी। चुनाव परिणाम वाले दिन जब शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा मुख्यालय पर विजयी संबोधन दिया था तब उन्होंने अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा के दमदार प्रदर्शन पर भी प्रकाश डाला था।

देखा जाये तो हरियाणा में कांग्रेस को दलितों की भारी नाराजगी का सामना करना पड़ा है क्योंकि उसने पूर्व केंद्रीय मंत्री और हरियाणा में पार्टी के सबसे बड़े दलित चेहरे कुमारी शैलजा की बजाय भूपिंदर सिंह हुड्डा को सीएम पद के उम्मीदवार के रूप में पेश किया। हम आपको याद दिला दें कि हुड्डा के पिछले दो कार्यकालों की पहचान जाटों के दबदबे के रूप में की जाती है। हुड्डा के कार्यकाल में दलितों के खिलाफ अत्याचार की घटनाओं, विशेषकर मिर्चपुर में दो दलितों की हत्या की घटना लोगों के मन में ताजा थीं। भाजपा ने चुनाव प्रचार के दौरान इन घटनाओं का जिक्र तो किया ही साथ ही कांग्रेस पर दलित पृष्ठभूमि के कारण शैलजा को हाशिए पर रखने का आरोप भी लगाया। भाजपा ने राज्य में दलितों के उप-वर्गीकरण की मांग का भी समर्थन किया।

बहरहाल, देखा जाये तो 2014 से मोदी सरकार की ओर से 卐समावेशी विकास卐 पर ध्यान केंद्रित करने के कारण अनुसूचित जाति के वर्गों में भाजपा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बना है। कांग्रेस ने %आरक्षण और संविधान पर खतरे% की जो कहानी बुनी थी वह भले ही लोकसभा चुनाव में काम कर गई हो, लेकिन इसकी गूंज अब खत्म होती जा रही है। भाजपा दलितों के मन में यह बात बिठाने में कामयाब रही है कि बाबा साहेब द्वारा संविधान के माध्यम से दिये गये आरक्षण से कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकता और प्रधानमंत्री मोदी के रहते कोई आरक्षण को खत्म नहीं कर सकता।


## जब 'बाड़' ही खेत खाए, तब क्यों न ढूंढें उपाय

ग्रामीण क्षेत्र में बसे उस परिवार का सुंदर सपना था कि नन्ही बिटिया पढ़-लिखकर आत्मनिर्भर बने। इसी कल्पना को पंख देने के विचार से पैदल ही निकल पड़ी मां अपनी बेटी को स्कूल छोडने। मार्ग में प्राचार्य की कार दिखी तो सोचा, क्यों न आग्रह करके देख लिया जाए, बच्ची अविलंब पाठशाला पहुंच जाएगी, वह भी सुरक्षित और बिना किसी थकान के। एक शिक्षक के प्रति मन में भरोसा इतना गहरा था कि नजर 58 वर्षीय प्रिंसिपल के भीतर छिपे उस दानव को देख ही न पाई, जो कथित तौर पर, आते पलों में 6 वर्षीय मासूम की अस्मत पर वार करके, उसका गला घोंटने वाला था। ठीक ऐसा ही भरोसा ले डूबा दूसरी कक्षा के 11 वर्षीय छात्र को, जो शैक्षिक अधिकारियों के नापाक इरादों से बिल्कुल बेखबर छात्रावास में रात्रिकालीन नींद का भरपूर आनंद उठा रहा था। स्वर्णिम भविष्य बनाने के इरादे से कम उम्र में ही उसे छात्रावास भेजने का हौसला पालने वाले अभिभावक भी भला कहां जानते होंगे कि अंधविश्वासों का शमन कर, वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विस्तार का दावा करने वाली शैक्षिक संस्था एक दिन 'पारिवारिक संकट' दूर करने व निजी संस्थान को अधिक 'समृद्ध' बनाने के नाम पर उनके लख्ते-जिगर की ही बलि ले लेगी और इस लोमहर्षक कांड को अंजाम देने में कथित मिलीभगत रहेगी विद्यालय के प्रधानाचार्य, दो शिक्षकों एवं होस्टल संचालक की।

क्रमश= गुजरात के दाहोद व उत्तर प्रदेश के हाथरस में घटित ये 2 घटनाएं ज्वलंत उदाहरण हैं अजगर की भांति हमारे समाज को डंसती मूल्यविहीनता के, जिसमें महिलाओं से लेकर मासूम बच्चों तक को नहीं बख्शा जाता। चिंता और अधिक बढ़ जाती है, जब अपराधी उन शैक्षणिक संस्थानों में पदासीन हों, जिनके जिम्मे देश के भविष्य निर्माण का कार्यभार सौंपा गया है। 'गुरुत्व' का सही अधिकारी बनने हेतु डिग्रियों से कहीं अधिक महत्व रखता है शिक्षक का संस्कारी, संयमी व सदाचारी होना। साथ ही वैचारिक स्तर पर उसका दृष्टिकोण व्यापक होना भी अनिवार्य है।

# जीत को हार में कैसे बदलें, यह कांग्रेस से ही सीखा जा सकता है

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे भाजपा-कांग्रेस के लिए चौंकाने वाले हैं। हरियाणा में कांग्रेस की हार की वजह फाजिल आत्मविश्वास और स्थानीय नेताओं की नाफरमानी को माना जा रहा है। कोई भी मजबूती से नहीं कह रहा था कि हरियाणा में दोबारा भाजपा की सरकार आएगी। कुल मिलाकर माहौल यह था कि कांग्रेस की जीत एकतरफा होगी लेकिन जीत की पारी को हार में कैसे बदला जाए यह कांग्रेस से ही सीखा जा सकता है। हरियाणा में भाजपा विरोधी माहौल था। ऐसा माहौल था कि भाजपा के मंत्रियों और उम्मीदवारों को हरियाणा के गांवों में घुसने नहीं दिया जा रहा था। फिर भी हरियाणा के नतीजे कांग्रेस के खिलाफ गए, वहीं जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और नैशनल कांफ्रैंस गठबंधन ने बहुमत हासिल कर लिया और भाजपा का सपना चकनाचूर कर दिया। ढोल बजाया जा रहा था कि कश्मीर की जनता मोदी-शाह को ही वोट देगी। 5 साल पहले अमित शाह ने घोषणा की थी कि मानो अनुच्छेद 370 हटाकर एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। मोदी-शाह कश्मीर से धारा 370 हटाकर अखंड भारत के सपने को साकार करने का दम भर रहे थे, लेकिन कश्मीर में आतंकवाद खत्म नहीं कर सके। युवाओं को रोजगार देने में मोदी-शाह पिछड़ गए। मुख्य रूप से मोदी-शाह हजारों कश्मीरी पंडितों को वापस लाने में विफल रहे। धारा 370 हटाना एक तमाशा साबित हुआ और अब वहां की जनता ने भाजपा को हरा दिया। इस तरह हरियाणा में कांग्रेस और जम्मू-कश्मीर में भाजपा को झटका लगा। प्रधानमंत्री मोदी को कश्मीर के लोगों ने खारिज कर दिया और हरियाणा में स्थिति अनुकूल होने के बावजूद कांग्रेस फायदा नहीं उठा सकी। कांग्रेस के साथ ऐसा हमेशा होता है। पिछली दफा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में एक तरह का माहौल था कि भाजपा सत्ता में नहीं आएगी लेकिन कांग्रेस पार्टी की आंतरिक अव्यवस्था भाजपा के लिए मुफीद साबित हुई। सवाल खड़ा हो गया है कि क्या पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हरियाणा में कांग्रेस पार्टी की नैया डुबो दी है। हुड्डा की भूमिका इस तरह थी कि जैसे कांग्रेस के सूत्रधार वही हैं और जिसे वह चाहे वही होगा। कुमारी शैलजा जैसी पार्टी नेता को हुड्डा और उनके लोगों द्वारा सार्वजनिक रूप से अपमानित



किया गया और दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान हुड्डा को रोकने में विफल रहा। हरियाणा के किसानों ने दिल्ली बॉर्डर पर जबरदस्त आंदोलन किया। हरियाणा की महिला पहलवानों से छेड़छाड़ पर भाजपा ने और उसके प्रधानमंत्री ने कोई कार्रवाई नहीं की। विनेश फोगाट और उनके साथियों को दिल्ली के जंतर-मंतर रोड से घसीटते हुए पुलिस वैन में ठूंसा गया। इन सबका गुस्सा हरियाणा के लोगों में साफ दिख रहा था। बेशक, भले ही विनेश फोगाट खुद जीत गई लेकिन उनके साथ हुए अन्याय के कारण पूरे हरियाणा में पैदा हुए गुस्से और नाराजगी से कांग्रेस को कोई फायदा नहीं हुआ। हरियाणा में भाजपा विरोधी लहर थी और कहा जा रहा था कि भाजपा उस लहर में बह जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ क्योंकि कांग्रेस का संगठन अव्यवस्थित एवं कमजोर था।

राजनीति और चुनाव में संगठन को जमीन पर होना जरूरी है। भाजपा का संगठन मजबूत था और 'स्ट्रेटेजी' अचूक साबित हुई। मध्य प्रदेश में कमलनाथ ने सीधे तौर पर भाजपा की मदद की। हरियाणा में भी केंद्रीय जांच एजैंसी हुड्डा के पीछे थी, फिर भी हुड्डा कांग्रेस के साथ बने रहे। वह हरियाणा में जाट समुदाय के बड़े नेता हैं, लेकिन वह अन्य समुदायों को कांग्रेस के साथ नहीं ला सके। यह जाटों और अन्य समुदायों के बीच मुकाबला था और भाजपा जीत गई, फिर रेप के आरोप में जेल में बंद और कुछ दिन पहले पैरोल पर रिहा हुए बाबा राम रहीम का भी हरियाणा में भाजपा की जीत में 'हिस्सा' है ही। चुनाव से कुछ दिन पहले यह बाबा 'पैरोल' पर कैसे बाहर आ जाता है? बाबा राम रहीम का ये चुनावी कनैक्शन पिछले चुनावों में भी देखने को मिला था। नतीजे से एक दिन पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सैनी ने कहा था कि भाजपा ही जीतेगी। हमने जीत के लिए सारे इंतजाम कर लिए हैं। सैनी का यह बयान रहस्यमय है। सुबह साढ़े 10 बजे तक कांग्रेस 65 सीटों पर आगे चल रही थी। कांग्रेस जगह-जगह जलेबियां, लड्डू बांटने लगी, लेकिन अगले ही घंटे में भाजपा ने बढ़त बना ली और कांग्रेस पिछड़ गई। चुनाव आयोग ने बाद में वोटों की गिनती भी मंद कर दी।

ऐसा क्यों हुआ? जब कांग्रेस हर जगह आगे चल रही थी तो वोटों की गिनती और 'अपडेट' की गति अचानक धीमी क्यों हो गई? कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी चुनाव आयोग पर आरोप लगाया है। ऐसे में हरियाणा में भाजपा की जीत संदिग्ध हो गई है। इसलिए मोदी और शाह को हरियाणा की जीत में नहीं बह जाना चाहिए, क्योंकि वे एक महत्वपूर्ण राज्य जम्मू-कश्मीर में हार गए हैं। इसका मतलब यही है कि प्रधानमंत्री मोदी पूरे देश के नेता नहीं हैं। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के नतीजे इसके संकेत हैं। कल महाराष्ट्र में चुनाव होंगे। महाराष्ट्र की जनता हरियाणा की राह पर नहीं जाएगी और महाराष्ट्र में महाविकास आघाड़ी की जीत होगी। मराठी जनमत मोदी-शाह, फड़णवीस-शिंदे के खिलाफ है। महाराष्ट्र की बाजी महाविकास गठबंधन जीतेगा, लेकिन राज्य में कांग्रेस नेताओं को हरियाणा के नतीजों से बहुत कुछ सीखना है। हरियाणा में कांग्रेस ने 'आप' समेत कई घटकों को दूर रखा क्योंकि उन्हें सत्ता में हिस्सेदारी नहीं चाहिए थी। इस खेल में पूरा राज्य ही हाथ से निकल गया। जम्मू-कश्मीर में 'इंडिया' गठबंधन की जीत हुई। हरियाणा में सिर्फ कांग्रेस पीछे हटी।

# छत्तीसगढ़ में पहली बार नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप चीफ सेक्रेटरी ने लगाया शॉट, देशभर से आयेंगे खेलने

### अलग-अलग प्रदेशों और केंद्र सरकार के पावरफुल IAS-IPS छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में पहली बार नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप होने जा रही है। इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेने देश के बड़े उद्योगपति पहुंचेंगे। अलग-अलग प्रदेशों और केंद्र सरकार के पावरफुल IAS-IPS छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे। गुरुवार को लॉन्च इवेंट में छत्तीसगढ़ में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने भी गोल्फ शॉट लगाया। इस प्रतियोगिता में प्राइज मनी 10 लाख की है। पहली बार गोल्फ कैडी (ट्रॉली) उठाने वाले स्टाफ की भी प्रतियोगिता होगी। उन्हें भी एक लाख का कैश प्राइज मिलेगा। बेहतर स्कोर करने वालों को आईफोन 16 प्रो मैक्स भी दिया जाएगा। ये प्रतियोगिता नवा रायपुर के मेफेयर स्थित गोल्फ कोर्ट में होगी। गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया की इस चैंपियनशिप के प्री-लांच उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य सचिव ने कहा कि नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ की टीम का भी चयन किया जाएगा। इससे अन्य खेलों के साथ गोल्फ खेल के लिए लोगों में रूचि बढ़ेगी।

नेशनल गोल्फ फेडरेशन नवा रायपुर में 24 से 26 अक्टूबर के बीच नेशनल गोल्फ चैंपियनशिप आयोजित कर रहा है। इसमें देश के 20 राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रत्येक टीम में 6 खिलाड़ी होंगे। आयोजन में छत्तीसगढ़ सरकार की भी सहभागिता है। मुख्य सचिव ने कहा कि एक स्वस्थ मन के लिए स्वस्थ शरीर का होना आवश्यक है। इसके लिए सभी को किसी न किसी खेल में हिस्सा लेना जरूरी है।

लॉन्च इवेंट में मुख्य सचिव ने बादाम का पौधा लगाया। नेशनल गोल्फ फेडरेशन के संस्थापक और महासचिव आर्यवीर आर्या ने इस आयोजन के संबंध में कहा कि गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया (जीएफआई) खेल, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और विजन भारत 2047 को प्रमोट कर रहा है। नवा रायपुर में चैंपियनशिप का आयोजन होने से नवा रायपुर के गोल्फकोर्स को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमोट करने का प्लेटफार्म तैयार होगा। छत्तीसगढ़ भी गोल्फ में अच्छा कर सकता है ये संदेश देश में जाएगा।

**विजेताओं को मिलेंगे ये पुरस्कार:** चैंपियनशिप के लिए पहला पुरस्कार 10 लाख रुपए है। रनरअप पुरस्कार 6 लाख रुपए है। दोनो कैटेगरी में वाउचर एवं ट्रॉफी दी जाएगी। इस आयोजन की शुरुआत कैडी टूर्नामेंट से होगी। इसमें पहला पुरस्कार 1 लाख, दूसरा 60 हजार रुपए, तीसरे के लिए लिए 40 हजार, चौथे के लिए 30 हजार और पांचवे नंबर पर आने वाले को 20 हजार रुपए का पुरस्कार मिलेगा। अन्य पुरस्कारों में विजेता ग्रास कैटेगरी को आईफोन 16 प्रो मैक्स, विजेता नेट कैटेगरी को आईफोन 16 प्रो दिया जाएगा। आयोजन के पहले दिन 24 अक्टूबर को कैडी टुर्नामेंट, 25 अक्टूबर को प्लांटेशन ड्राइव, 26 अक्टूबर को सुबह 6 बजे सभी टीमों के खिलाड़ी जुटेंगे और 27 अक्टूबर 2024 को समापन समारोह होगा।

## छत्तीसगढ़ में पबजी-गेम की लत ने ली छात्र की जान



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में पिता ने पबजी गेम खेलने से मना किया, तो बेटे ने जहर पीकर खुदकुशी कर ली। जब उसके मुंह से झाग निकला, तो परिजनों को इसकी जानकारी हुई। अस्पताल ले जाने पर इलाज के दौरान मौत हो गई। मामला दुगली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, नगरी ब्लॉक? के?? ???गोहान नाला गांव निवासी लोकनाथ सोरी (16) 10वीं कक्षा की पढ़ाई कर रहा था। वो पबजी गेम खेलने का आदी था। 9 अक्टूबर को किसान पिता ने उसे डांटते हुए गेम खेलने से मना किया। जिससे नाराज होकर वो खेत की ओर चला गया। जहां उसने कीटनाशक दवा पी लिया। वापस आकर घर में फिर से चुपचाप पबजी खेलने लगा। जब अचानक वो उल्टी करने लगा और मुंह से झाग निकला, तो परिजन कुछ दवा पीने की दुर्गंध आई। पिता ने उससे पूछताछ की, तो कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद परिजन उसे आनन-फानन में नगरी अस्पताल ले गए। जहां शुरुआती इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान गुरुवार सुबह छात्र की मौत हो गई। उसके शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी पीआर पनागर ने बताया कि, पबजी गेम की वजह से छात्र ने आत्महत्या की है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## गौठान में घुसे हाथियों की चिंघाड़ से गूंजा इलाका

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में मंगलवार की रात 3 हाथी गौठान में घुस गए। बताया जा रहा है कि तीनों हाथी अपने दल से बिछड़कर ग्रामीण इलाके में पहुंचे थे। बोकरामुड़ा गांव के गौठान में चिंघाड़ रहे थे, जिनका वीडियो भी सामने आया है। मामला धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज का है।

ग्रामीणों ने वन विभाग के कर्मचारियों को इसकी सूचना दी। खबर मिलते ही वन अमला मौके पर पहुंचा। हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा गया। देर रात हाथियों का दल जंगल की ओर चला गया। बताया जा रहा है कि खाना और पानी की तलाश में हाथी गांव में घुसे थे।

हाथियों ने बुधवार की रात धरमजयगढ़ और रायगढ़ वन मंडल के 37 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। इसमें धरमजयगढ़ वन मंडल के तेंदूमार, बलपेदा, कसेरडुगरू, अलोला, बसंतपुर, सोहनपुर, बोजिया, डोंगाभौना लोटान, कराईपाली झिंकीछाप गांव में 24 किसानों का फसल चौपट किया है।

रायगढ़ वन मंडल में घरघोड़ा रेंज के अमलीडीह और चारमार में 13 किसानों का फसल रौंद दिया है। धरमजयगढ़ की ओर से रात में हाथी घरघोड़ा रेंज में पहुंचे और फसल रौंदकर वापस चले गए। बुधवार की रात धरमजयगढ़ वन मंडल के 368 आरएफ में 6-7 हाथियों का दल विचरण कर रहा था। इसी दौरान राइस मिल के बगल से मेढरमार रोड पार कर कोसाबाड़ी में चले गए। वहां से हाथियों का दल सीलिंग पारा के पास जंगल की ओर चला गया है। संतोषनगर और मेढरमार गांव में रहने वालों को सतर्क रहने को कहा गया है। विभागीय रिकॉर्ड के अनुसार रायगढ़ और धरमजयगढ़ वन मंडल में 157 हाथी विचरण कर रहे हैं। इसमें धरमजयगढ़ वन मंडल में 143 हाथी हैं, तो रायगढ़ वन मंडल में 14 हाथियों का दल मौजूद है। बताया जा रहा है कि 157 हाथी में नर की संख्या 40, मादा 79 व शावक की संख्या 38 है।विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में कुल 93 हाथी विचरण कर रहे हैं। रायगढ़ वन मंडल में 45 और धरमजयगढ़ वन मंडल में 48 हाथी हैं, जिसमें नर की संख्या 27, मादा 42 और शावक 24 शामिल हैं। विभागीय आंकड़ा के अनुसार बुधवार तक छाल रेंज में हाथियों का 51 हाथी अलग-अलग जंगल में विचरण कर रहे थे।

इस संबंध में धरमजयगढ़ एसडीओ बाल गोविंद साहू ने बताया कि धरमजयगढ़ में जिस क्षेत्र में हाथियों का दल है। उसके आसपास सभी गांव में मुनादी करा दी गई है।

## ताजी हवा में सांस लेने के लगेंगे पैसे, रायपुर में ऐसा प्रयोग पहली बार

### पूर्व-विधायक विकास बोले-देश का पहला राज्य,जहां हवा के लिए देने होंगे पैसे

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के उर्जा पार्क में अब ताजी हवा में सांस लेने के लिए पैसे देंगे होंगे। वीआईपी रोड स्थित ऊर्जा पार्क राजीव स्मृति वन में मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों से पैसे वसूलने जा रही है। रायपुर के डीएफओ ने अपने सीसीएफ को मॉर्निंग वॉक करने वालों से प्रतिमाह ?500 लेने का प्रस्ताव भेजा है। अगर कोई ये 500 रुपए जमा नहीं किए तो उर्जा पार्क में प्रवेश नहीं मिलेगा।




500 रुपए जमा करने वाले लोगों के लिए एक पास तैयार किया जाएगा, ये पास दिखाने के बाद ही मोर्निंग वाक के लिए लोगों एंट्री दी जाएगी। मोर्निंग वाक के लिए सुबह 5 बजे से 11.30 तक ही प्रवेश दिया जाएगा। अगर कोई व्यक्ति को बिना पास आए तो उससे 20 रुपए लेकर ही एंट्री दी जाएगी।

कांग्रेस पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य होगा जहां भाजपा के शासनकाल में शुद्ध हवा लेने वाले लोगों से भी पैसा वसूला जाएगा। हमें तो आशंका है कि सरकार ऊर्जा पार्क के बहाने छत्तीसगढ़ के और सभी बड़े पार्कों में भी मॉर्निंग वॉक के लिए पैसे वसूल सकती है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार कंगाल हो चुकी है। जनता से कैसे उनकी गाड़ी कमाई को लूट सके इस पर केंद्र और राज्य की भाजपा की डबल इंजन सरकार काम कर रही है। मोदी के गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश की जनता महंगाई से पहले ही जूझ रही है। तो वहीं छत्तीसगढ़ में अब 9 महीने की भाजपा सरकार में ही लोग परेशान होने लगे हैं। विकास उपाध्याय ने कहा की राजीव स्मृति वन का निर्माण राज्य स्थापना के बाद कांग्रेस सरकार ने की थी। लेकिन आज भाजपा की सरकार इसका रखरखाव नहीं कर पा रही है। पहले भी भाजपा की सरकार ने कांग्रेस सरकार की योजनाओं को बंद किया या नाम बदला है।

## पंजाब के 3 युवक रायपुर के लॉज से गिरफ्तार



### हेरोइन बेचने कर रहे थे ग्राहक की तलाश, ट्रक और बस से लाते थे माल

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर के एक लॉज से पुलिस ने पंजाब के 3 युवकों को हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी इस मादक पदार्थ को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। इसकी सूचना पुलिस को मिली। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3.85 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामला आमानाका थाना क्षेत्र का है।

रायपुर की आमानाका पुलिस को सूचना मिली थी कि टाटीबंद चौक के पास छत्तीसगढ़ लॉज के एक कमरे में पंजाब के दो युवक ठहरे हुए हैं। उनके पास मौजूद मादक पदार्थ को बेचने के लिए वे ग्राहक की तलाश कर रहे हैं।

पुलिस ने होटल के कमरे में जाकर रेड मारा। इस दौरान तरनतारन जिला पंजाब के रहने वाले आकाशदीप सिंह और हरप्रीत सिंह और अवतार सिंह मिले। पुलिस ने आरोपियों के सामानों की जांच पड़ताल की।

**3.85 ग्राम माल बरामद:** आरोपियों के पास से जांच पड़ताल में उनके कब्जे से 3.85 ग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुआ। आरोपी ने बताया कि इसे वो पंजाब से रायपुर ट्रक और बस के माध्यम से बेचने के लिए लेकर आए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत एक्शन लिया है।

## प्रेमी से संबंध बनाते पकड़ाई पत्नी, राज छुपाने पति का मर्डर, छत्तीसगढ़ में चार जगहों पर गाड़ा शव

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में पत्नी, प्रेमी के साथ संबंध बनाते पकड़ी गई तो प्रेमी के साथ मिलकर पति को मार डाला। पहले लाठी-डंडे और रॉड से पीट-पीटकर हत्या की गई, फिर लाश को 4 बार अलग-अलग जगहों पर गाड़ा गया। पत्नी लाइव मर्डर देखकर बेहोश हो गई थी। मामला शोभा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, ढोल सराई गांव निवासी रोहित मरकाम (33) की शादी करीब साल भर पहले पेंड्रा निवासी समारी बाई (23) से हुई थी। समारी घर की इकलौती बेटी है। उसके पिता नहीं थे, इसके कारण रोहित सास की देखभाल करने के लिए अपने ससुराल में घर जमाई बनकर रहता था।

इसी बीच अगस्त महीने में नवाखाई में जब रोहित घर नहीं पहुंचा तो पिता पुनीत राम उसके ससुराल पहुंच गए। वहां उन्होंने बेटे के बारे में बहू से पूछा तो उसने बताया कि रोहित कमाने की बात कहकर करीब एक माह पहले आंध्र प्रदेश गया था, लेकिन अभी तक नहीं लौटा है।

बहू की बात सुनकर रोहित के पिता को यकीन नहीं हुआ। जब काफी कोशिशों के बाद बेटे का पता नहीं चला तो उन्होंने गांव वालों से रायशुमारी कर 2 दिन पहले थाने में गुमशुदगी दर्ज करा दी। पुलिस ने



रोहित की जांच शुरू की और पत्नी समारी और आसपास के लोगों से पूछताछ की।पुलिस का कहना है कि पहले तो समारी बाई गोलमोल जवाब देती रही। संदेह होने पर पुलिस ने सख्ती से पूछा तो समारी बाई ने बताया कि, उसका ध्रुवागुड़ी निवासी प्रकाश कश्यप से प्रेम संबंध है। रोहित ने दोनों को आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। इसके बाद वह हमारे प्यार में रोड़ा बन रहा था।

इसके बाद समारी बाई ने प्रकाश के साथ मिलकर रोहित को मारने की साजिश रची। दोनों ने मिलकर 15 जुलाई को रोहित की हत्या कर दी। रोहित के सिर, चेहरे और शरीर के कई जगहों पर चोट के निशान मिले हैं। महिला अपने से दोगुने उम्र के आशिक से प्यार में पड़ी गई थी।

बताया जा रहा है कि पति की हत्या को देखकर पत्नी बेहोश हो गई थी। घर पर खून ही खून बिखरा पड़ा था। बॉयफ्रेंड ने ही कई बार सिर पर वार किया था। पीठ की हड्डियां तोड़ी गई थी। महिला जब होश में आई तो आनन-फानन में लाश को बाड़ी में दफनाए थे।

इसके बाद बदबू आने पर शव को पास में ही दूसरी जगह शिफ्ट किए, लेकिन पकड़े जाने का डर बना रहा। रोहित के पिता लगातार पूछताछ करने लगे थे, जिससे वह घबरा गई थी। इसके बाद प्रेमी के साथ मिलकर डेड बॉडी को 20 किमी दूर नेशनल हाईवे किनारे दफना आए। इस दौरान कुछ बॉडी पार्ट्स वहीं छूट गए थे।

पुलिस ने बताया कि रोहित की पत्नी संदिग्ध थी। पूछताछ में बताए जगह पर गए, वहां से बॉडी के कुछ पार्ट्स बरामद हुए हैं। वहीं दूसरी जगह नेशनल हाईवे किनारे से आधा शव मिला है। बाकी शव बुरी तरह से सड़ चुका था। पुलिस ने शव के टुकड़ों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

मैनपुर SDOPबाजी लाल सिंह ने बताया कि मैनपुर तहसीलदार रमाकांत केवर्त और बीएमओ गजेंद्र नेगी की मौजूदगी में कब्र खोदकर लाश निकाली गई है। महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

SDOP बाजी लाल सिंह ने बताया कि आरोपी प्रकाश कश्यप (49) साल धुरुवागुड़ी निवासी है। 2009 में एक चरवाहे की हत्या कर चुका है। 2016 में जमानत पर छूटा। वह पहले से शादी शुदा है। आरोपी प्रकाश कश्यप पेंड्रा गांव में करीब 3 साल से गल्ले की दुकान संचालित कर रहा था।

समारी का घर उसकी दुकान के सामने ही है। इस दौरान रोहित की पत्नी से अफेयर हो गया, जो शादी के बाद भी चल रहा था।

## रायपुर में बदला मौसम, तेज धूप के बाद बरसात



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।**रायपुर में दोपहर बाद अचानक मौसम बदला और तेज बारिश शुरू हो गई है। भाठागांव, रजबंधा मैदान सहित कई इलाकों में झमाझम पानी बरस रहा है। इससे पहले मौसम विभाग ने बस्तर, कोंडागांव, कांकेर सहित 11 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है, यहां गरज-चमक के साथ बिजली गिर सकती है। वहीं रायपुर, बिलासपुर और बस्तर संभाग के जिलों में बूंदाबांदी के आसार जताए गए हैं।

इससे पहले रायपुर में बुधवार दोपहर बिजली गिरने से एक लड़की की मौत हो गई, जबकि 6 महिलाएं झुलस गई हैं। सभी खेत में काम करने के लिए गई थीं। इसी दौरान हादसा हो गया। मामला सिलियारी के गोड़ी गांव का है। लड़की की पहचान कामिनी साहू (17) के रूप में हुई है।

बुधवार को प्रदेश में मानसून की सक्रियता सामान्य से कम रही। प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। बलरामपुर में 20 मिमी पानी बरसा है।

मानसून की बिदाई के दौरान सीवी क्लाउड यानी क्यूमोलोनिंबस क्लाउड बनने के कारण बादल और छोटे-छोटे पैकेट में बारिश हो रही है। जिसके कारण दिन में तेज गर्मी और उमस से लोगों को राहत मिली। बुधवार को रायपुर में सुबह धूप निकली लेकिन दोपहर बाद बादल छाए रहे, जिसकी वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिली। रायपुर में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान 34एष्ट और 25एष्ट के आसपास रहने की संभावना है। बुधवार को रायपुर में दिन का पारा 34.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी शुरू हो चुकी है। उत्तर-पश्चिम भारत के बड़े हिस्से से मानसून लौट चुका है। छत्तीसगढ़ से अगले सप्ताह तक मानसून लौट जाएगा। उसके बाद रात के तापमान में गिरावट होगी।

## रायपुर दक्षिण उपचुनाव, पायलट की सर्वे रिपोर्ट का इंतजार



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ की रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर इस साल के अंत में उपचुनाव होने हैं। रायपुर दक्षिण के उपचुनाव को लेकर रणनीतिक कवायद जारी है। उपचुनाव को लेकर कांग्रेस ने वार्ड प्रभारियों के साथ करीब 5 दौर की बैठकें पूरी कर ली हैं।

रायपुर दक्षिण क्षेत्र में त्योहारी सीजन में दावेदारों की सक्रियता से राजनीतिक गतिविधियां भी बढ़ गई हैं। नवरात्रि समेत विभिन्न त्योहारों के सामाजिक कार्यक्रमों में अलग-अलग दावेदार भागीदारी दिखा रहे हैं।प्रत्याशी चयन को लेकर पायलट की सर्वे रिपोर्ट का इंतजार है। प्रभारी महासचिव सचिन पायलट खुद अपने स्तर पर दक्षिण की रिपोर्ट मांग रहे हैं। प्रभारी के स्तर पर सर्वे की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही इस पर गतिविधियां शुरू हो पाएगी। फिलहाल पार्टी पायलट के रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। इस रिपोर्ट के आने के बाद ही आगे की रणनीति तय की जाएगी।

प्रभारी महासचिव सचिन पायलट ने खुद दक्षिण के मामले में बैठक कर निर्देश दिए थे।

रायपुर दक्षिण में बदली परिस्थितियों में कांग्रेस सभी संभावनाएं टटोल रही है। बृजमोहन का चुनाव न लड़ना और केंद्र में उन्हें मंत्री न बनाए जाने के कारण कांग्रेस इस सीट को लेकर थोड़ी ज्यादा कॉन्फिडेंस नजर आ रही है।

उपचुनाव एक तरह से विपक्ष के लिए बड़ी चुनौती भी है। पार्टी के नेता और रणनीतिकार मानते हैं कि उप चुनाव में उन्हें सीधे सरकार से ही जूझना होगा।

## हैरी ब्रूक की आंधी में उड़ा पाकिस्तान, जड़ा टेस्ट करियर का पहला दोहरा शतक

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मुल्तान टेस्ट में इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने पाकिस्तानी गेंदबाजों की हालत पस्त कर दी है। पहले जो रूट और अब हैरी ब्रूक ने भी दोहरा शतक जड़ दिया है। ब्रूक के टेस्ट करियर का पहला दोहरा शतक है। इन दोनों की शानदार बल्लेबाजी के दम पर इंग्लैंड ने 650 रन का आंकड़ा पार कर लिया है और अब रूट-ब्रूक दोनों की नजरें जल्द से जल्द तिहरा शतक पूरा करने पर होगी। हैरी ब्रूक ने अपने टेस्ट करियर का पहला दोहरा शतक 239 गेंदों पर पूरा किया, वह अभी तक 20 चौके और 1 गगनचुंबी छक्का लगा चुके हैं। इंग्लैंड की पाकिस्तान पर लीड 102 रनों की हो गई है। आज इस लीड को 300 रन के करीब पहुंचाकर इंग्लिश टीम की नजरें मैच जीतने पर होगी। पाकिस्तान की सरजमीं पर हैरी ब्रूक का बल्ला आग उगलता है। इसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं अभी तक खेले 4 टेस्ट मैचों में उन्होंने 3 शतक और एक दोहरा शतक लगाया है।

हैरी ब्रूक का नाम उन चुनिंदा बल्लेबाजों की सूची में शामिल हैं जिनका पाकिस्तान में बैटिंग औसत 100 के पार है। इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में एक ही पारी में दो दोहरे शतक जड़ने का कारनामा जो रूट और हैरी ब्रूक ने 39 साल बाद किया है। उनसे पहले 1985 में जी फाउलर (201) और माइक गैटिंग (207) की जोड़ी ने भारत के खिलाफ ये कारनामा किया था। जो रूट और हैरी ब्रूक के बीच चौथे विकेट के लिए साझेदारी 400 से अधिक रु की हो गई है।

# पाकिस्तान के खिलाफ इंग्लैंड ने 823 रन बनाकर रिकॉर्ड बुक में जोड़ नए अध्याय

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** टेस्ट क्रिकेट का 2553वां मैच रिकॉर्ड बुक में हमेशा अपना विशेष स्थान बनाए रखेगा क्योंकि इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ यहां खेले जा रहे मैच में अपनी पहली पारी सात विकेट पर 823 रन बनाकर समाप्त घोषित करके कुछ नए रिकॉर्ड बनाए। यह टेस्ट क्रिकेट में केवल चौथा अवसर है जबकि किसी टीम में 800 से अधिक रन बनाए। यह टेस्ट क्रिकेट में चौथा बड़ा स्कोर भी है। रिकार्ड श्रीलंका के नाम पर है जिसने 1997 में भारत के खिलाफ छह विकेट पर 952 रन बना कर अपनी पारी समाप्त घोषित की थी। श्रीलंका ने तब टेस्ट क्रिकेट में सर्वोच्च स्कोर के इंग्लैंड के रिकॉर्ड को तोड़ा था जिसने 1938 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पारी सात विकेट पर 903 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी।इंग्लैंड ने इससे पहले 1930 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 849 रन बनाए थे।

जो रूट ने 262 रन बनाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। इस दौरान वह इंग्लैंड की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने एलिस्टेयर कुक को पीछे छोड़ा। वह टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग, जाक कैलिस और राहुल द्रविड़ के बाद पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। हैरी ब्रूक ने 317 रन की बड़ी पारी खेली जो टेस्ट क्रिकेट में किसी एक पारी में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर की सूची में संयुक्त रूप से 20वें नंबर पर है। वह टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले इंग्लैंड के छठे बल्लेबाज बन गए हैं। यह 1990 में ग्राहम गूच के भारत के खिलाफ लगाए गए तिहरे शतक के बाद पहला अवसर है जबकि इंग्लैंड के किसी बल्लेबाज ने यह उपलब्धि हासिल की।




## पिछले सत्र में विवादास्पद तरीके से हटने के बाद इंसान किशन की झारखंड के कप्तान के तौर पर वापसी

**रांची ( एजेंसी )।** भारतीय बल्लेबाज ईशान किशन की झारखंड रणजी टीम में कप्तान के रूप में वापसी हुई जिन्हें पिछले सत्र में विवादास्पद तरीके से हटने के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया था। दिसंबर 2022 में ऋषभ पंत की सड़क दुर्घटना के बाद भारत की सफेद गेंद वाली टीम में नियमित रूप से शामिल हुए ईशान ने पिछले साल भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान ब्रेक लिया था। ब्रेक के बाद उन्होंने बीसीसीआई के किसी भी आधिकारिक मैच में हिस्सा नहीं लिया जबकि बोर्ड ने खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने पर जोर दिया था। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने फरवरी में वापसी की और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले निजी तौर पर आयोजित डीवाई पाटिल टी20 कप में खेले। इससे फ्रेंचाइजी क्रिकेट और राज्य प्रतिबद्धताओं के बीच संतुलन को लेकर बहस शुरू हो गई।

घरेलू क्रिकेट से इस दौरान उनकी अनुपस्थिति ने उन्हें बीसीसीआई के 2023-24 केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया। हालांकि ईशान ने घरेलू क्रिकेट में मजबूत प्रदर्शन से बीसीसीआई का ध्यान आकर्षित किया। पिछले महीने उन्होंने दलीप ट्रॉफी में भारत सी के लिए शतक जड़ा। फिर उन्होंने ईरानी कप में शेष भारत का भी प्रतिनिधित्व किया और एकमात्र पारी में 38 रन बनाए।


## रोहित शर्मा ने रतन टाटा की स्मृति को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, सोने के दिल वाले इंसान




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** टाटा संस के पूर्व चेयरमैन और भारत के सबसे मशहूर कारोबारी नेताओं में से एक रतन टाटा का बुधवार रात 86 साल की उम्र में मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने उनके निधन की पुष्टि करते हुए टाटा को दोस्त, गुरु और मार्गदर्शक बताते हुए श्रद्धांजलि दी।

हालांकि मृत्यु का वास्तविक कारण उजागर नहीं किया गया है, लेकिन टाटा को आयु संबंधी समस्याओं के कारण इस सप्ताह के शुरू में दक्षिण मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। टीम इंडिया के टेस्ट और वनडे कप्तान तथा बल्लेबाज रोहित शर्मा ने रतन टाटा के निधन के बाद अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर दिग्गज उद्योगपति को श्रद्धांजलि दी। रोहित ने लिखा, एक ऐसा व्यक्ति जिसका दिल सोने जैसा है। सर, आपको हमेशा एक ऐसे व्यक्ति के रूप में याद किया जाएगा जिसने वास्तव में दूसरों की परवाह की और अपना जीवन दूसरों की बेहतरी के लिए जिया।

## भारत से मिली हार के बाद टूर्नामेंट छोड़ वतन लौटीं पाकिस्तानी कप्तान




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय महिला टीम से मिली हार के बाद पाकिस्तान की सेमीफाइनल की उम्मीदों बड़ा झटका। पाकिस्तान को शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया का सामना करने उतरना था। हालांकि, इस मैच से पहले उनकी कप्तान फातिमा सना पाकिस्तान लौट गईं। सना के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा जिस वजह से उन्हें घर जाना पड़ा। सना को निदा डार की जगह टीम की कमान दी गई थी। वह टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की कप्तानी करने वाली सबसे युवा खिलाड़ी हैं। 22 साल की खिलाड़ी ने वर्ल्ड कप से पहले केवल एक सीरीज में टीम की कप्तान की थी जहां पाकिस्तान का सामना साउथ अफ्रीका से हुआ था। उन्होंने यहां शानदार बल्लेबाजी भी की थी और सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रही थीं।

फातिमा ने शारजाह में श्रीलंका के खिलाफ पहली बार टी20 वर्ल्ड कप में कप्तानी की। उनकी टीम ने ये मैच 31 र से जीता। फातिमा सना ने 20 गेंदों में 30 रन बनाए। हालांकि, भारत के खिलाफ उन्होंने अपना बैटिंग ऑर्डर बदला। भारत को यहां भी जीत के लिए संघर्ष करना पड़ा था और उसकी वजह फातिमा सना ही थीं। इसकी वजह भी फातिमा ही थीं जिन्होंने पहले तो 8 गेंदों में 13 रन बनाए और फिर 23 रन देकर 2 विकेट भी लिए थे।

## तेज गेंदबाज मयंक यादव को टेस्ट में आजमाने की जल्दबाजी नहीं करनी चाहिये-आरपी सिंग

**मुंबई ( एजेंसी )।** बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह का मानना है कि मयंक यादव को टेस्ट क्रिकेट में लाने की जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए क्योंकि वह अपने करियर के शुरुआती दौर में है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी गति से प्रभावित करने वाले मयंक ने ग्वालियर में बांग्लादेश के खिलाफ शुरुआती टी20 में भारत के लिए शानदार पदार्पण किया। मयंक ने अभी तक सिर्फ एक प्रथम श्रेणी मैच खेला है लेकिन उनकी विशेष प्रतिभा को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय टीम में शामिल कर लिया गया है। आरपी सिंह मयंक की गति और नियंत्रण से प्रभावित हैं लेकिन उन्हें लगता है कि ऐसे गेंदबाज के लिए ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला का हिस्सा बनना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए आकाश दीप को तेज गेंदबाजी आक्रमण में होना चाहिए।

उनकी गेंदबाजी करने का तरीका बेहतर लगता है। मयंक यादव के पास गति है, जो तेज गेंदबाजी का एक पहलू है।'' उन्होंने जियो सिनेमा द्वारा आयोजित बातचीत में कहा, ''ऐसी कई विविधताएं और कौशल हैं जो धीरे-धीरे विकसित होते हैं।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया को लग सकता है तगड़ा झटका, कैमरन ग्रीन नहीं कर पाएंगे गेंदबाजी!

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को इस साल के अंत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की मेजबानी करनी है, जहां भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच कुल पांच टेस्ट मैच खेले जाने हैं। इस टेस्ट सीरीज से पहले टीम सिलेक्शन को लेकर ऑस्ट्रेलिया को एक बड़ा झटका लग सकता है। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी मिस कर सकते हैं। इतना ही नहीं वह ऑस्ट्रेलिया की ओर से पूरा समर सीजन मिस कर सकते हैं।नाइन पेपर्स ने मंगलवार को अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि ग्रीन प्योर बैटर के तौर पर खेल पाएंगे। लेकिन बैक इंजरी के चलते गेंदबाजी नहीं कर पाएंगे। वहीं बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच पर्थ में खेला जाना है। ग्रीन को न्यूजीलैंड जाना होगा, जहां वहां स्ट्रेस फ्रैक्चर की रैडिकल सर्जरी कराएंगे। जिसके चलते वह पूरा समर सीजन क्रिकेट मैदान से दूर रह सकते हैं। 25 वर्षीय ग्रीन मेलबर्न और सिडनी टेस्ट तक शायद टीम में वापसी करें, लेकिन फिलहाल इसकी उम्मीद भी कम ही नजर आ रही है। स्कॉट बोलैंड या फिर माइकल नेसेर ऐसे में ग्रीन को रिप्लेस कर सकते हैं। अगर ग्रीन सिर्फ बैटर के तौर पर खेलते तो उस्मान ख्वाजा के साथ उनसे पारी का आगाज करवाया जा सकता है। क्योंकि डेविड वॉर्डर के बाद से स्टीव स्मिथ ने पारी का आगाज किया है और उनका प्रदर्शन ओपन करते हुए कुच खास नहीं रहा है।



# अर्शदीप सिंह ने पहली बार टॉप-10 में बनाई जगह

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह लगातार अच्छे प्रदर्शन की बदौलत बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में शीर्ष 10 में जगह बनाते हुए आठवें पायदान पर पहुंच गए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप ने पिछले रविवार को ग्वालियर में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले में 14 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे। वह 642 रेटिंग अंकों के साथ आठ पायदान की छलांग लगाकर आठवें स्थान पर पहुंच गए। वह शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं। इंग्लैंड के आदिल राशिद सबसे छोटे प्रारूप में शीर्ष रैंकिंग वाले गेंदबाज बने हुए हैं जबकि वेस्टइंडीज के अकील हुसैन दूसरे और अफगानिस्तान के राशिद खान तीसरे स्थान पर हैं। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा, ''ताजा रैंकिंग अपडेट में अर्शदीप को भी काफी फायदा हुआ है,




बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने टी20 गेंदबाजों की अपडेट की गई सूची में आठ पायदान की छलांग लगाई है और बांग्लादेश के खिलाफ तीन विकेट लेने के बाद अपने करियर की सर्वोच्च रेटिंग हासिल की है।'' बांग्लादेश के खिलाफ 16 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 39 रन की पारी खेलने वाले हार्दिक पंड्या बल्लेबाजों की सूची में सात पायदान ऊपर चढ़कर 60वें स्थान पर पहुंच गए। इस शीर्ष भारतीय ऑलराउंडर ने 26 रन देकर एक विकेट भी चटकाया और ऑलराउंडरों की सूची में चार पायदान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन ऑलराउंडरों की सूची में शीर्ष पर हैं और नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी दूसरे स्थान पर हैं। भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल बल्लेबाजों की सूची में एक पायदान नीचे पांचवें स्थान पर आ गए। उन्हें पाकिस्तान के बाबर आजम ने पीछे छोड़ दिया। जायसवाल बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी20 मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। वाशिंगटन सुंदर ने भी अपनी रैंकिंग में सुधार किया है और वह टी20 गेंदबाजों की सूची में चार पायदान ऊपर चढ़कर 35वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# इंग्लैंड के हैरी ब्रूक ने बल्ले से मचाया तूफान, ठोकी दूसरी सबसे तेज ट्रिपल सेंचुरी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक का कमाल मुल्तान में देखने को मिला। 2004 में ऐसी ही सुनामी पाकिस्तान के खिलाफ इसी मैदान पर भारतीय बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के बल्ले से आई थी। उन्होंने भी टेस्ट मैच में मेजबान पाकिस्तान के खिलाफ तिहरा शतक जड़ा था और अब हैरी ब्रूक ने पाकिस्तान के खिलाफ ट्रिपल सेंचुरी जड़ने का कीर्तिमान स्थापित किया है। हैरी ब्रूक की ये ट्रिपल सेंचुरी टेस्ट में दूसरी सबसे तेज ट्रिपल सेंचुरी है। वहीं, 34 साल के बाद इंग्लैंड के किसी बल्लेबाज ने इस फॉर्मेट में तिहरा शतक जड़ा है।

इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी बार किसी बल्लेबाज ने साल 1990 में टेस्ट क्रिकेट में ट्रिपल सेंचुरी जड़ी थी। ग्राहम गूच ने भारत के खिलाफ लॉर्ड्स के मैदान पर 333 रनों की पारी खेली थी।





अब 34 साल के बाद हैरी ब्रूक इस जादुई आंकड़े तक पहुंचे हैं। इसके अलावा आखिरी बार किसी बल्लेबाज ने टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर डेविड वॉर्नर ने पाकिस्तान के ही खिलाफ नवंबर 2019 में ठोका था। दाएं हाथ के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने अपने करियर का पहला तिहरा शतक जड़ा। पाकिस्तान के खिलाप दूसरी बारी किसी बल्लेबाज ने इस मैदान पर तिहरा शतक जड़ा है। 311 गेंदों में हैरी ब्रूक ने ट्रिपल सेंचुरी पूरी की है। इसके साथ ही हैरी ब्रूक ने इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक जड़ने वाले छठे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले लियोनार्ड ह्यूटन (364), वैरी हैमंड (336*), ग्राहम गूच (333), एंडी सैंडम (325) और जॉन एडरिच (310*) ने ये कमाल किया था। हैरी ब्रूक ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम गेंदों में शतक पूरा करने के मामले में कई दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया है। वे सिर्फ वीरेंद्र सहवाग से पीछे हैं। सहवाग ने 278 गेंदों में साउथ अफ्रीका के खिलाफ तिहरा शतक जड़ा था, जबकि हैरी ब्रूक ने 310 गेंदों में तिहरा शतक पूरा किया है।

# उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह के समापन पर नृत्य नाटिका और देवी गीत की रही धूम






**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी के संयोजन में जिला प्रशासन मैहर के सहयोग से 8 से 10 अक्टूबर, 2024 को स्टेडियम ग्राउंड, मैहर में किया जा रहा है। समारोह के तीसरे एवं अंतिम दिन 10 अक्टूबर को समापन की पूर्व संध्या पर स्थानीय और क्षेत्रीय नवोदित कलाकारों ने अपरान्ह 4 बजे से 7 बजे तक की संगीत सभा ''पूर्वरंग'' में नृत्य नाटिका, देवी गीत और भजन गायन से दर्शकों और श्रोताओं को भक्ति भाव से ओत-प्रोत किया। आयोजन समिति उस्ताद अलाउद्दीन खां अकादमी एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में इस बार क्षेत्रीय एवं स्थानीय नवोदित शास्त्रीय संगीत के चयनित कलाकारों को प्रतिष्ठित मंच दिलाने के निर्णय के तहत ''पूर्वरंग'' कार्यर म में स्थानीय कलाकारों को 50वें आयोजन में मौका दिया गया है। ''पूर्वरंग'' की संगीत सभा में कलाकारों द्वारा सांध्य संगीत सभा के पूर्व अपरान्ह में दी गई संगीत प्रस्तुतियों में अंतिम दिवस जयंत विश्वकर्मा सागर ने भक्ति पूर्ण देवी गीत प्रस्तुति देकर समां बांधा। इसी प्रकार अगली प्रस्तुति में उडीसा की रोजलीना सुन्दराय की नृत्य नाटिका और भोपाल के दीपक चौधरी द्वारा भजन गायन की प्रस्तुतियां दी गई। 50वें उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह की सांध्य संध्या मैहर वाद्य वृन्द द्वारा वाद्य वृन्द की प्रस्तुति से प्रारंभ की गई। इसके बाद विदुषी कस्तूरी पटनायक एवं साथी, दिल्ली द्वारा ओडिसी समूह नृत्य, तत्पश्चात सुश्री संजुक्ता दास, कोलकाता द्वारा गायन की प्रस्तुति दी जावेगी। अगले ₹ म में पं. शशांक सुब्रमणियम, चेन्नई द्वारा बांसुरी वादन और अंतिम प्रस्तुति सुश्री भद्रा सिन्हा एवं साथी, नई दिल्ली द्वारा भरतनाट्यम की होगी। मैहर में प्रतिवर्ष होने वाले ख्यातिलब्ध उस्ताद अलाउद्दीन खां समारोह के 50वें आयोजन के अवसर पर स्टेडियम ग्राउण्ड में नवरात्रि में देवी 108 नाम रहस्यों पर आधारित लघु चित्र तथा शास्त्रीय संगीत के तंतु तार वाद्यों पर केन्द्रित प्रदर्शनी का भी आयोजन समारोह स्थल पर किया गया है। इस अवसर पर समारोह में आने वाले मैहर के स्थानीय जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक एवं संगीत रसिक श्रोताओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## रीवा में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, एक की मौत, 7 गंभीर घायल

### युवक को मरते दम तक फरसा मारा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा के बैकुंठपुर अंतर्गत हटवा गांव में गुरुवार को दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर धारदार फरसा और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। 7 गंभीर घायल हैं,जिन्हें संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक विवाद की वजह जमीनी विवाद है।

विवाद में जान गंवाने वाले अरुण सिंह के भतीजे सूरज सिंह ने बताया कि हमले के दौरान चाचा, पापा नृपेंद्र सिंह और भाई पार्थ सिंह सुलह का प्रस्ताव लेकर दूसरे पक्ष के पास गए थे। इसी दौरान शिवेंद्र सिंह, सरिता सिंह, विनोद सिंह, सर्वेश सिंह ने हथियार से हमला कर दिया। पट्टे की जमीन चाचा के परिवार के नाम पर ही थी। जिस पर धान लगाई थी। लेकिन शिवेंद्र और उनका परिवार मिलकर रोज-रोज फसल उजाड़ने पहुंच जाता था।

सूरज ने बताया कि दूसरे पक्ष के लोगों ने अचानक गाली-गलौज करना शुरू कर दिया फिर मारपीट पर उतारु हो गए। शिवेंद्र और उसके भाई ने चाचा अरुण के सिर और शरीर में जगह-जगह धारदार फरसा से वार किया। कुछ ही समय में शरीर का पूरा खून बह गया। वे तब तक फरसा मारते रहे, जब तक चाचा मरणासन्न नहीं हो गए। आनन-फानन में हम उन्हें बैकुंठपुर अस्पताल ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद संजय गांधी रेफर कर दिया। अस्पताल में कुछ देर तक सांस चली, फिर दम तोड़ दिया।

एडिशनल एसपी विवेक लाल का कहना है कि दोनों पक्षों के विवाद में एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हुई है। अन्य लोग अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराए गए हैं। जांच की जा रही है। वैधानिक कार्रवाई करेंगे।

एडिशनल एसपी अनिल सोनकर के मुताबिक जुलाई 2024 में जमीन शिवेंद्र सिंह के नाम दर्ज हो गई थी। जो अब मर्डर के मामले में आरोपी है।

## एक हाथ में कट्टा और दूसरे में पिस्टल लेकर बदमाश का डांस



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**हथियारों के साथ बदमाशों का डांस करते एक वीडियो सामने आया है। ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि वीडियो कब का है, अभी इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस कार्रवाई करने की बात कह रही है।

बता दें, हाल ही में रीवा के चिरहुला मंदिर के पास मंदिर से दर्शन कर लौट रहे युवक-युवती पर फायरिंग की घटना हुई थी। अब बुधवार देर रात युवकों का खुलेआम कट्टा और पिस्टल लहराते हुए वीडियो सामने आया है। डीजे पर भाई तेरा गुंडा गाना बज रहा था। युवक पहले पिस्टल दिखाते हुए डांस कर रहा था। इसके बाद उसने कट्टा भी ले लिया। दोनों हाथ में पिस्टल और कट्टा लिए पूरे रौब के साथ लहराकर वह डांस करने लगा।

वीडियो रीवा जिले के सेमरिया का बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस जांच कर रही है। एडिशनल एसपी अनिल सोनकर का कहना है कि वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला संज्ञान में आया है। वीडियो सेमरिया थाने में भेज दिया गया है। इसका सत्यापन करने के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### राज्य शिक्षा केंद्र के आदेश की अवहेलना करते हुये की गई प्रतिनियुक्ति

## अतिशेष से बचाने विज्ञान विषय के शिक्षक की बीएसी पद पर प्रतिनियुक्ति, आदेश में हस्ताक्षर कर भूलीं कलेक्टर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले के शिक्षा विभाग में अफसरशाही इस कदर हावी है कि, कब कौन सा आदेश जारी हो जाए इसकी कोई कल्पना नहीं कर सकता। अनियमितताओं का पर्याय बन चुका जिला शिक्षा केंद्र रीवा में हाल ही में एक ऐसा मामला संज्ञान में आया है, जिसमें विज्ञान विषय के अतिशेष शिक्षक को दूसरे जिले में स्थानांतरित होने से बचाने के लिए नियम विरुद्ध तरीके से जनपद शिक्षा केंद्र रीवा में बीएसी के पद पर प्रतिनियुक्ति दे दी गई है।

मामले की पड़ताल करने पर यह पता चला है, कि जिला शिक्षा केंद्र रीवा द्वारा दिनांक 04 अक्टूबर को जारी आदेश में बृजेश कुमार द्विवेदी माध्यमिक शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोडौरी विकासखंड गंगेव को जनपद शिक्षा केंद्र रीवा में बीएसी रिक्त पद के विरुद्ध प्रतिनियुक्ति की गई है। यह भी ज्ञात हुआ कि संबंधित शिक्षक का नाम विज्ञान विषय माध्यमिक शिक्षक अतिशेष की सूची में शामिल हैं। अभी हाल ही में हुई अतिशेष शिक्षकों की काउंसलिंग में रीवा जिले में कहीं भी विज्ञान विषय के लिये पद रिक्त नहीं है, ऐसे में संबंधित शिक्षक का


कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र रीवा
आदेश
[illegible]



स्थानांतरण रीवा जिले के बाहर संभाग के अन्य जिलों में होना तय था। अतः संबंधित व्यक्ति ने अपने राजनीतिक रसूख के चलते बाबुओं और अधिकारियों से साठगांठ कर अपनी प्रतिनियुक्ति बीएसी पद पर करवा ली, जबकि राज्य शिक्षा केंद्र के आदेश क्रमांक 7077 दिनांक 14/10/19 तथा 6048 दिनांक 17/08/23 में स्पष्ट निर्देश हैं कि, काउंसलिंग प्रक्रिया के पश्चात ही जिला शिक्षा केंद्र में बीएसी अथवा सीएसी की प्रतिनियुक्ति की जा सकती है। इसके बावजूद अधिकारियों ने राज्य शिक्षा केंद्र के आदेश को दरकिनार कर बिना काउंसलिंग के ही बृजेश कुमार द्विवेदी को बीएसी पद पर प्रतिनियुक्ति प्रदान की गई। अब सवाल यह उठता है, कि जिले के उन सैकड़ों महिला शिक्षकों ने क्या बिगाड़ा था, जिन्हें अतिशेष के चलते सैकडों किलोमीटर दूर जिले से बाहर अपने परिवार को छोड़कर जाना पड़ रहा है। क्या विभाग उन्हें भी जिले में प्रतिनियुक्ति देकर उनकी समस्या का निदान करेगा।

**पहले भी हुई आदेश की अवहेलना:** ऐसा पहली बार नहीं है, जब जिला शिक्षा केंद्र से जारी आदेश में राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों को दरकिनार किया गया हो, अभी कुछ ही दिनों पूर्व मऊगंज जिले के हनुमान में भी बीएसी की प्रति नियुक्ति राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों के विपरीत की गई थी। शिक्षा विभाग में बाबूराज इस कदर हावी है, कि इनके सामने अधिकारी भी बौने साबित हो जाते हैं। ऐसी ही अनियमितताओं के चलते कुछ दिनों पूर्व जिला शिक्षा केन्द्र के एक बाबू को निलंबित किया गया था, जो पुनः वापस आ गया है। अब यह समझ से परे है कि संबंधित शिक्षक की प्रतिनियुक्ति बीएसी के पद पर राज्य शिक्षा केंद्र के किस नियम के तहत की गई है।

### *कलेक्टर के आदेश में कुछ कहने की मेरी हिम्मत नहीं ...*

*मामले पर जब हमने जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा लाल गुप्ता से बात की तो उन्होंने यह कहकर कन्नी काट ली कि उन्हें तो ऐसी कोई जानकारी ही नहीं है। क्योंकि मेरे अलावा 2 तीन अन्य कर्मचारी भी हैं जो किसी भी प्रकार की जानकारी दिए बगैर कलेक्टर मैडम से किसी भी दस्तावेज में हस्ताक्षर करा लेते हैं और कलेक्टर के आदेश में कुछ कहने की हिम्मत नहीं मेरी। वहीं मामले पर जब हमने कलेक्टर प्रतिभा पाल से संपर्क करने का प्रयास किया तो उनसे भी हमें कोई जानकारी नहीं मिली।*

## कलेक्टर ने कैलाश को प्रदान की ट्राइसाइकिल



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने तहसील मनगवां के अन्तर्गत महमूदपुर के ग्राम पिपरवार निवासी दिव्यांग कैलाश कारपेंटर को निःशुल्क ट्राइसाइकिल प्रदान की।

### कलेक्टर एपीसी बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की करेंगी समीक्षा

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में 18 अक्टूबर को शाम 4 बजे से बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल एपीसी महोदय की 24 अक्टूबर को प्रस्तावित समीक्षा बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा करेंगी। बैठक में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछलीपालन, सहकारिता तथा अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### जिले में आज रहेगा स्थानीय अवकाश

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अनुराग वर्मा द्वारा वर्ष 2024 के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किये गये है। जिसके अनुसार 11 अक्टूबर 2024 शुर वार को दशहरा महानवमी पर स्थानीय अवकाश रहेगा। यह अवकाश बैंक एवं कोषालय पर लागू नहीं होगा।

### विसर्जन स्थल पर कानून व्यवस्था बनाये रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना जिले में 12 अक्टूबर 2024 को विजयदशमी (दशहरा) त्यौहार मनाने के साथ-साथ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन भी किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अनुराग वर्मा द्वारा दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन स्थलों पर कानून एवं प्रशासनिक व्यवस्था बनाये रखने की जिम्मेदारी 4 कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों को सौंपी गई है। जारी आदेशानुसार माधवगढ़ सतना नदी में तहसीलदार सौरभ मिश्रा, उंचवा टोला सतना नदी में नायब तहसीलदार राजेश सिंह, जिगनहट घाट सतना में नायब तहसीलदार सौरभ द्विवेदी एवं देवरा घाट सतना नदी में सहायक अधीक्षक लालमणि पाण्डेय की ड्यूटी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रुप में लगाई गई है। नियुक्त सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट 12 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे से अपने ड्यूटी स्थल पर दुर्गा विसर्जन होने तक उपस्थित रहेंगे। संपूर्ण व्यवस्था के प्रभारी अधिकारी आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना मो. 9999416199 होंगे।

### रावण दहन में कानून व्यवस्था कायम रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** हिंदू पंचाग के अनुसार विजयदशमी (दशहरा) का त्यौहार 12 अक्टूबर 2024 को मनाया जायेगा। सतना शहर में रावण दहन का मुख्य आयोजन संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के पीछे दक्षिणी मैदान धवारी में किया जायेगा। इसके साथ ही हवाई पटटी के समीप नारायण तालाब के सामने मेला ग्राउण्ड में भी रावण दहन का कार्यर म होगा। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अनुराग वर्मा ने विजयदशमी पर्व के अवसर पर रावण दहन एवं चल समारोह कार्यर म में कानून एवं प्रशासनिक व्यवस्था कायम रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई है। इसके अनुसार अनुविभागीय अधिकारी रघुराजनगर (शहरी) राहुल सिलाडिया की ड्यूटी कलेक्ट्रेट भवन के पीछे दक्षिणी मैदान धवारी में होने वाले रावण दहन के आयोजन तथा अनुविभागीय अधिकारी रघुराजनगर (ग्रामीण) लक्ष्यराम जांगडे की डयूटी नारायण तालाब के सामने मेला ग्राउण्ड में होने वाले रावण दहन के आयोजन में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रूप में लगाई गई है। नियुक्त कार्यपालिक मजिस्ट्रेट 12 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे से रावण दहन कार्यर म के बाद चल समारोह एवं दुर्गा विसर्जन समाप्त होने तक उपस्थित रहेंगे। संपूर्ण व्यवस्था के प्रभारी अधिकारी आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना मो. 9999416199 होंगे।

### कानून व्यवस्था बनाये रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने शनिवार 12 अक्टूबर को विजयादशमी पर्व एवं दुर्गा प्रतिमाओं के चल समारोह तथा विसर्जन के अवसर पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु सभी संबंधित अनुविभाग के लिये उस क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारियों को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रुप में नियुक्त किया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनुविभाग मैहर के लिए विकास कुमार सिंह, अमरपाटन के लिए अनुविभागीय अधिकारी अमरपाटन आरती यादव, अनुविभाग रामनगर के लिए अनुविभागीय अधिकारी रामनगर डॉ. आरती सिंह को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बनाया गया है। इसी प्रकार थाना क्षेत्रों में क्षेत्र मैहर नादन के लिए तहसीलदार मैहर जितेन्द्र कुमार पटेल, थाना क्षेत्र अमदरा के लिए नायब तहसीलदार अमदरा सुनील कुमार द्विवेदी, थाना क्षेत्र बदेरा में नायब तहसीलदार बदेरा प्रेमलाल चौधरी, थाना क्षेत्र अमरपाटन में तहसीलदार अमरपाटन रामदेव साकेत, थाना क्षेत्र ताला में नायब तहसीलदार ताला उमाकांत शर्मा, थाना क्षेत्र रामनगर में तहसीलदार रामनगर अनुराग सिंह मरावी, थाना क्षेत्र चौकी मर्यादपुर में नायब तहसीलदार मर्यादपुर ललित कुमार धुर्वे को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बनाया गया है। सम्पूर्ण अनुविभाग और थाना के लिए दण्डाधिकारी/कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त करते हुए तत्काल प्रभाव से डयूटी लगाई गई है। साथ ही सभी उप खण्ड मजिस्ट्रेट अपने-अपने अनुभाग अन्तर्गत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त करना सुनिश्चित करेंगे। जिले की सम्पूर्ण कानून व्यवस्था के प्रभारी अतिरिक्त जिलादण्डाधिकारी शैलेन्द्र सिंह होंगे।

### कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने किया चित्रकूट का भ्रमण

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने गुरूवार को नगर परिषद चित्रकूट का सघन भ्रमण कर चित्रकूट में आयोजित होने वाले दीपावली मेला में आने वाले तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं के मद्देनजर की जा रही तैयारी एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न स्थलों में जाकर आवश्यक सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम जितेन्द्र वर्मा, तहसीलदार जितेन्द्र तिवारी, हिमांशु शुक्ला, सीएमओ विशाल सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 14 को

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मैहर जिले के राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 14 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे संयुक्त कलेक्ट्रेट मैहर के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। इनमें राजस्व वसूली, नामांकन, समाधान आनलाइन, एसएलआर लैण्ड रिकार्ड, सीमांकन, बंटवारा एवं नामांतरण, भू-अर्जन, पीएम किसान एवं सीएम किसान प्रगति ई-केवायसी, सीएम हेल्पलाइन, टीएल, अर्जित भूमियों का खसरों में इन्द्राज, खसरा सुधार, विभिन्न विभागों को भूमि आवंटन एवं स्वामित्व अभियान, नक्शा सुधार, न्यायालयीन आदेशों के आधार पर रिकार्ड का संशोधन, आवासीय भू-अधिकार योजना, विधानसभा प्रश्न, लीज भूमि नवीनीकरण, धारणाधिकार, प्राकृतिक आपदा विभिन्न मदों की प्रकरणवार जानकारी, उच्च न्यायालय के लंबित प्रकरण एवं अवमानना प्रकरण तथा प्रकरणों का वरिष्ठ न्यायालयों कमिश्नर, कलेक्टर के अपीलाधीन प्रकरण के एजेण्डे पर चर्चा की जायेगी।

### कलेक्टर ने जिले के प्रमुख उद्योगपतियों, एफपीओ प्रतिनिधियों तथा स्टार्टअप से जुड़े व्यक्तियों से किया संवाद

## उद्योगों के विकास के लिए हर संभव सहायता दी जाएगी, रीजनल इंडस्ट्रियल कॉनक्लेव में निवेश के अवसर का लाभ उठाएं




**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले के प्रमुख उद्योगपतियों, एफपीओ प्रतिनिधियों तथा स्टार्टअप से जुड़े व्यक्तियों से संवाद किया। कलेक्टर ने कहा कि औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए शासन के निर्देशों के अनुसार 23 अक्टूबर को रीवा में रीजनल इंडस्ट्रियल कॉनक्लेव का आयोजन किया जा रहा है। यह पूरे विन्ध्य क्षेत्र को औद्योगिक विकास के नए अवसर देगा। उद्योगपति इसके माध्यम से दिए जा रहे निवेश के अवसरों का लाभ उठाएं। विन्ध्य में खनिज, ऊर्जा, सौर ऊर्जा, कृषि आधारित उद्योगों तथा वनोपज आधारित उद्योगों की अच्छी संभावना है। नए उद्योगों की स्थापना के लिए सड़क, रेलवे और हवाई मार्ग की भी सुविधा उपलब्ध हो गई है। नए उद्योगों से बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में चोरहटा औद्योगिक क्षेत्र तथा अन्य स्थानों में संचालित उद्योगों के संचालन में बिजली, अधोसंरचना विकास की सुविधाओं में कमी मुख्य बाधा के रूप में बताई गई है। इन कमियों को दूर करके उद्योगों के विकास में प्रशासन पूरा सहयोग देगा। धान की मिलिंग के संबंध में भी जो सुझाव दिए गए हैं उन्हें मिलिंग की नई नीति में शामिल कराया जाएगा। इससे मिलर्स को अपना उद्यम संचालित करने में सुविधा होगी। बिजली का जितना उपयोग होगा केवल उतना ही बिल लिया जाएगा। चोरहटा में विद्युत सब स्टेशन का निर्माण शुरू हो रहा है। लगभग 6 माह में इसका निर्माण पूरा होने पर बिजली से जुड़ी सभी समस्याएं दूर हो जाएंगी। अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में भी बिजली, पानी, सड़क आदि की समुचित व्यवस्था की जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में अधोसंरचना विकास के लिए उद्योगपतियों को दो बार टैक्स नहीं देना होगा। राज्य शासन द्वारा इस संबंध में जो निर्णय लिया जाएगा उसके अनुरूप व्यवस्थाएं की जाएंगी। स्टार्टअप करने वाले उद्योगपतियों को स्टार्टअप प्रोत्साहन योजना का लाभ दिया जा रहा है। इनके द्वारा उत्पादित वस्तुओं के विपणन और सेवाओं के लिए पोर्टल के माध्यम से आमजनता तक पहुंचने का अवसर दिया जाएगा। सभी उद्योगपति 23 अक्टूबर के कार्यक्रम में अपनी भागीदारी अवश्य निभाएं। रीजनल इंडस्ट्रियल कॉनक्लेव के माध्यम से लगभग दो हजार करोड़ रुपए के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। उद्यम की स्थापना के लिए पूरे विन्ध्य में नौ हजार हेक्टेयर से अधिक जमीन का भूमिबैंक बनाया गया है।

बैठक में कार्यकारी निदेशक एमपीआईडीसी यूके तिवारी ने 23 अक्टूबर के कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। बैठक में जिला महाप्रबंधक उद्योग जेपी तिवारी ने बताया कि जिले में लगभग सौ करोड़ के उद्यमों की स्थापना के प्रस्ताव मंजूर हो गए हैं। एमएसएमई में लगभग एक हजार करोड़ रुपए का निवेश होने की उम्मीद है। त्योंथर, सेमरिया तथा गुढ़ में उद्योगों की स्थापना के लिए जमीनें चिन्हित कर ली गई हैं। सभी उद्योगपति इन्वेस्ट मध्यप्रदेश पोर्टल में अपने निवेश के प्रस्ताव अवश्य दर्ज कराएं।

बैठक में उद्योगपतियों ने चोरहटा औद्योगिक क्षेत्र में बिजली की व्यवस्था में सुधार, औद्योगिक क्षेत्र को सम्पत्ति कर से मुक्त रखने, बिछिया औद्योगिक क्षेत्र में नाली और सड़क की व्यवस्था तथा अतिक्रमण हटाने का सुझाव दिया। बैठक में धान मिलर्स के तीन वर्ष से लंबित भुगतान, नए उद्योगों को समय पर अनुदान राशि के भुगतान तथा स्टार्टअप के लिए विपणन प्लेटफार्म उपलब्ध कराने का सुझाव दिया गया। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, उद्योग संघ के अध्यक्ष श्री राजीव खन्ना, उपाध्यक्ष जीएस साहनी, मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप सिंह, बिछिया औद्योगिक संघ के अध्यक्ष रंजन गुप्ता, सिद्धार्थ शुक्ला, विजय मिश्रा, नीलेश तिवारी, अभिलाष शुक्ला, सीमा द्विवेदी तथा अन्य उद्योगपति उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।